संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 09 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 97 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



कांग्रेस के पूर्व नेता और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर-जनरल सी राजगोपालाचारी के परपौत्र सीआर केसवन शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार जारी रहेगाः मोदी

### पीएम नरेंद्र मोदी 14 महीने में 5वीं बार तेलंगाना पहुंचेः कुछ लोग भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से बचने सुप्रीम कोर्ट गए थे, उल्टे पांव लौटना पड़ाः प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को तेलंगाना पहुंचे। पिछले 14 महीने में वे पांचवीं बार यहां आए। पीएम ने यहां सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह तेलंगाना से आंध्र प्रदेश के लिए दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। 3 महीने पहले प्रधानमंत्री ने सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत लॉन्च की थी। 11 हजार 300 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने यहां जनसभा को संबोधित भी किया। उन्होंने पहले विकास योजनाओं का जिक्र किया फिर इशारों-इशारों में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा- परिवारवाद वाले हर चीज पर नियंत्रण



चाहते हैं, लेकिन मोदी ने भ्रष्टाचार पर प्रहार कर दिया है। इससे परिवारवादी ताकतें बौखला गई हैं। सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल को लेकर 14 विपक्षी दलों की याचिका 5 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। इस पर पीएम ने तंज किया और कहा, 'कुछ लोग तो भ्रष्टाचार पर हो रही कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा मांगने सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए थे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें झटका दे दिया और उन्हें वहां से उल्टे पांव लौटना पड़ा।'

**इशारों-इशारों में राज्य के मुख्यमंत्री पर निशाना साधाः** तेलंगाना में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। यहां मुख्य मुकाबला बीआरएस और भाजपा के बीच तय है। ऐसे में पीएम ने इशारों-इशारों में राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर निशाना साधा।

पीएम ने कहा कि केंद्र के ज्यादातर प्रोजेक्ट्स में राज्य सरकार से सहयोग ना मिलने के कारण देरी हो रही है और इस से नुकसान तेलंगाना के लोगों का हो रहा है। मेरा राज्य सरकार से आग्रह है कि वो विकास से जुड़े किसी कार्य में कोई बाधा ना आने दे।

**परिवारवाद निशाने पर...**

**= 'कुछ लोग तो भ्रष्टाचार पर हो रही कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा मांगने सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए थे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें झटका दे दिया'**

### 'परिवारवादी ताकतें सिस्टम पर अपना कंट्रोल चाहती हैं'

**पीएम** ने कहा कि हमने देशभर में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था बढ़ाई है लेकिन ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? इस लिए नहीं हुआ क्योंकि परिवारवादी ताकतें व्यवस्था पर... सिस्टम पर अपना कंट्रोल छोड़ना नहीं चाहती थीं। किस लाभार्थी को क्या लाभ मिले, कितना मिले ये नियंत्रण ये परिवारवादी अपने पास ही रखना चाहते थे।

**11 हजार 300 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया** : प्रधानमंत्री ने इसके अलावा 720 करोड़ रुपए की लागत से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के साथ रेलवे के अन्य प्रोजेक्ट्स का भी शिलान्यास किया। पीएम सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के बाद परेड ग्राउंड पहुंचे।

### कुछ मुट्ठी भर लोग विकास कार्यों से बौखलाएः मोदी

**पीएम** ने कहा कि आज के नए भारत में देशवासियों की आशाओं को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है लेकिन कुछ मुट्ठी भर लोग विकास के इन कार्यों से बहुत बौखलाए हुए हैं। ऐसे लोग जो परिवारवाद,भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को पोषित करते रहे उन्हें ईमानदारी से काम करने वालों से परेशानी हो रही है। इससे इनके तीन मतलब सिद्ध होते थे। पहला- इनके ही परिवार की जय जयकार होती रहे। दूसरा- करप्शन का पैसा इनके परिवार के पास ही आता रहे तीसरा- जो पैसे गरीब के लिए भेजे जाते हैं वो इनके भ्रष्ट इको-सिस्टम में बांटने के काम आ जाए। लेकिन आज मोदी ने भ्रष्टाचार की जड़ पर ही प्रहार कर दिया है।

## पंजाब में सरकारी दफ्तरों का समय बदला



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब** में सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। 2 मई से दफ्तर सुबह 7 बजे खुलेंगे और 2 बजे बंद होंगे। सीएम भगवंत मान ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। यह आदेश 15 जुलाई 2023 तक प्रभावी रहेंगे। सीएम मान ने बताया कि सरकार ने यह फैसला लागू करने से पहले लोगों से बातचीत की है। लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने से पहले-पहले वह अपने सभी सरकारी काम पूरे कर अपने-अपने कामकाज पर पहुंच जाएंगे। कर्मचारियों ने भी सरकार के फैसले पर सहमति जताई है। कर्मचारियों ने कहा कि दोपहर के समय गर्मी अधिक बढ़ने से पहले वह भी अपने घरों पर लौट कर परिजनों के साथ समय बिता सकेंगे।

## बेमौसम बारिश से कम होगा देश में गेहूं उत्पादन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बेमौसम** बारिश से इस साल देश में गेहूं उत्पादन में 10 से 20 लाख टन तक की कमी आ सकती है। फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने को जानकारी दी है। इसी तरह का अनुमान आटा मिल मालिकों द्वारा कराए गए एक निजी अध्ययन में भी लगाया गया था। हालांकि, सरकारी अधिकारी के अनुसार, कुल उत्पादन पहले के अनुमान के अनुसार अभी भी 11 करोड़ 20 लाख टन तक रहेगा। सरकार ने फरवरी में जारी अनुमान में कहा था कि इस बार 11 करोड़, 20 लाख टन से अधिक गेहूं उत्पादन होगा। इंडियन एग्रीबिजनेस सिस्टम्स लिमिटेड और रोलर आटा मिलर्स के लिए एग्रीवॉच द्वारा की गई स्टडी में कहा गया है कि बेमौसम बारिश के बावजूद गेहूं का उत्पादन 10 करोड़, 30 लाख टन रहेगा।

## उत्तराखंड में मार्च से अब तक 13 फुट बर्फबारी



**देहरादूनः** उत्तराखंड में इस साल सर्दियों के महीनों में बर्फबारी लगभग नदारद रही। आशंकाओं के भंवर के बीच मार्च मध्य के बाद से अब तक लगभग 13 फुट बर्फबारी रिकॉर्ड की जा चुकी है। मार्च की शुरूआत में यहां बर्फ का स्तर 7 फुट से बढ़कर अब 20 फुट हो गया है। भारी बर्फबारी से हिमालय के तीन प्रमुख ग्लेशियर गौमुख, अलकापुरी और पिंडर सहित लगभग डेढ़ हजार छोटे-बड़े ग्लेशियर रिचार्ज हो गए हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अभी अप्रैल के पहले पखवाड़े तक हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात होने की संभावना है। उत्तराखंड में ग्लेशियरों के रिचार्ज होने के गंगा के मैदानी इलाकों खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों को गर्मी के दौरान पेयजल और सिंचाई की किल्लत नहीं होने की संभावना जताई जा रही है।

## राष्ट्रपति मुर्मू की सुखोई जेट में 30 मिनट की उड़ान



**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में 30 मिनट की सॉर्टी की। सुखोई जेट ने सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर टेक ऑफ किया। और 11 बजकर 38 मिनट पर लैंड किया। सुखोई में उड़ान भरने वाली वे देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति बन गई हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी। एयरफोर्स ने जानकारी दी कि एयरक्राफ्ट को 106 स्क्वाड्रन कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। उड़ान से पहले उन्हें एयरक्राफ्ट और भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता के बारे में बताया गया।

**ऐतिहासिक**

**= उड़ान से पहले राष्ट्रपति को एयरक्राफ्ट और भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता के बारे में बताया गया**

**पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने बनाए थे दो रिकॉर्डः** मुर्मू से पहले देश की 12वीं राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 2009 में सुखोई में उड़ान भरी थी। सुखोई में उड़ान भरकर प्रतिभा पाटिल ने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। पहला- सुखोई में उड़ान भरने वाली किसी देश की पहली महिला राष्ट्रपति। दूसरा- किसी देश की सबसे उम्रदराज महिला। प्रतिभा पाटिल तब 74 साल की थीं। उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। प्रतिभा पाटिल से पहले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति रहने के दौरान 8 जून 2006 में सुखोई से उड़ान भर चुके हैं।

## पीएम ने चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

### चेन्नई एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन भी किया, एयरपोर्ट से चेन्नई रेलवे स्टेशन तक रोड शो किया

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को चेन्नई स्टेशन पर चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन से दोनों शहरों के बीच ट्रेन यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की कमी आएगी। यह ट्रेन दोनों शहरों के बीच की दूरी 5 घंटे 50 मिनट में तय करेगी। मोदी ने ट्रेन में स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। इसके पहले मोदी ने चेन्नई एयरपोर्ट पर बने नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया। उन्होंने एयरपोर्ट से चेन्नई रेलवे स्टेशन तक रोड शो किया। 10 किमी के इस शो के दौरान सड़क के किनारे खड़े लोगों ने फूल बरसाकर पीएम का स्वागत किया। पीएम ने भी कार के अंदर से



ही हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम शाम करीब 3 बजे तमिलनाडु पहुंचे थे। चेन्नई एयरपोर्ट पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, राज्यपाल आर. एन. रवि और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने एयरपोर्ट के नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का दौरा किया। इसके बाद वे रामकृष्ण मठ के 125 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। नया टर्मिनल बनने से अब यहां हर साल आने वाले यात्रियों की संख्या बढ़कर 3.5 करोड़ होने की उम्मीद है। चेन्नई एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग में लोगों को तमिल संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसमें कोलम (दक्षिण भारतीय घरों के आगे बनाई जाने वाली रंगोली), साड़ी, मंदिर और अन्य चीजें भी शामिल हैं।

**यात्रियों को राहत**

**= मोदी ने ट्रेन में स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। इसके पहले मोदी ने चेन्नई एयरपोर्ट पर बने नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया**

**हर साल यात्रियों की संख्या बढ़कर 3.5 करोड़ होने की उम्मीदः** 2.20 लाख वर्ग मीटर में फैला नया टर्मिनल भवन, टी-2 (फेज-1) का निर्माण 1260 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया है।

## 'हिंडनबर्ग केसः विपक्ष की जेपीसी की मांग बेकार'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/दिल्ली**

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने अडाणी-हिंडनबर्ग केस में विपक्ष की जेसीपी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) की मांग को बेकार बताया है। पवार ने कहा- जेपीसी में सत्तारूढ़ पार्टी का बहुमत होता है। उससे सच्चाई सामने नहीं आ पाती है। इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ही सही विकल्प है। उधर, कांग्रेस ने शरद पवार के बयान से खुद को अलग कर लिया। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा, "ये उनके अपने विचार हो सकते हैं, लेकिन 19 पार्टियां इस पर एकमत हैं कि पीएम मोदी से जुड़े अडाणी ग्रुप का मुद्दा बहुत गंभीर है।"

## प्लेन का इमरजेंसी गेट खोलने लगा नशे में धुत यात्री

**बेंगलुरु : शुक्रवार** को दिल्ली से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की फ्लाइट के दौरान एक यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की। यात्री नशे में धुत था और क्रू से भी दुर्व्यवहार कर रहा था। क्रू मेम्बर्स ने फ्लाइट कैप्टन को सूचना दी। फ्लाइट के बेंगलुरु पहुंचने पर यात्री को उक्रक्ष्को सौंप दिया गया। उस पर 3 धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। इंडिगो की फ्लाइट 6ए 308 दिल्ली से बेंगलुरु जा रही थी। इसमें कानपुर का रहने वाला 40 साल का प्रतीक भी था। प्रतीक नशे में धुत था।




## 'राहुल को सजा देने वाले जज की जीभ काट लेंगे'

**चेन्नईः** तमिलनाडु के कांग्रेस नेता मणिकंदन ने सूरत कोर्ट के जज को जबान काट लेने की धमकी दी है। डिंडिगुल जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, तमिलनाडु में जब हम सत्ता में आएंगे तब राहुल गांधी के खिलाफ फैसला देने वाले जज की जबान काट लेंगे। बता दें कि सूरत कोर्ट ने ही मोदी सरनेम की मानहानि वाले मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी सांसदी चली गई। मणिकंदन ने धमकी 6 अप्रैल को पार्टी की तरफ से आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में दी।

## राहुल ने 5 पूर्व कांग्रेसियों को अडाणी से जोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शनिवार को अडाणी के मुद्दे पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सच्चाई छिपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि अडाणी की कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपए बेनामी पैसे किसके हैं? राहुल ने इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व 5 नेताओं को भी अडाणी से जोड़ा। उन्होंने ट्विटर पर एक फोटो शेयर की। इसमें पांच नेताओं के नाम का जिक्र किया। इसमें अडाणी के 'अ' अक्षर के साथ गुलाम (नबी आजाद), अक्षर के साथ सिंधिया



(ज्योतिरादित्य), ' किरण (रेड्डी), के साथ हिमंता (बिस्व सरमा) और के साथ अनिल (एंटनी) लिखा गया। उन्होंने कहा कि मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं।

**अडाणी मुद्दे पर शरद पवार की अलग रायः** राहुल का यह बयान उस वक्त सामने आया, जब एक दिन पहले ही एनसीपी चीफ शरद पवार ने अडाणी मुद्दे पर जेपीसी बनाने पर अपनी अलग राय रखी। शुक्रवार को दिए एक इंटरव्यू में शरद पवार ने कहा कि ऐसा लगता है उनको (अडाणी) टारगेट किया जा रहा है।

उन्होंने इस मुद्दे पर शनिवार को दिल्ली में सफाई भी दी। कहा कि मेरा इंटरव्यू अडाणी पर नहीं था। इस दौरान मुझसे सवाल किए गए। मैंने बताया कि जेपीसी क्यों नहीं होनी चाहिए?

**शिकंजा** | पंजाब सरकार को देनी होगी जानकारी, जांच के बाद कुर्क हो सकती है संपत्ति

## एनआईए ने 57 गैंगस्टरों-आतंकियों का ब्योरा मांगा

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब सरकार से 57 कथित गैंगस्टरों और आतंकवादियों की प्रॉपर्टी का ब्योरा मांगा है। इसमें एनआईए ने सिख फॉर जस्टिस से जुड़े आतंकियों के नाम भी शामिल हैं। गलत तरीके से कमाए होने की सूरत में सरकार जांच के बाद इन सभी की प्रॉपर्टी को कुर्क कर सकती है। एनआईए लगातार आतंकियों और गैंगस्टरों ने मिलकर बनाए कलस्टर को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इसके लिए एनआईए की तरफ से दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। जिनमें विदेश में बैठे आतंकी




लखीबर लंडा के अलावा लॉरेंस, जग्गू भगवानपुरिया, काला जठेरा, भुप्पी आदि गैंगस्टरों के नाम भी शामिल हैं। एनआईए पंजाब, हरियाणा, यूपी और राजस्थान में आतंकियों व गैंगस्टरों के ठिकानों पर दो से तीन बार रेड भी कर चुकी है।

**प्रॉपर्टी को गिरा या कुर्क कर सकती है सरकारः** एनआईए की जांच में अगर साबित हो जाता है कि अवैध धन का उपयोग संपत्तियों को खरीदने में किया गया है तो सरकार इन्हें कुर्क कर सकती है या इन्हें ध्वस्त भी कर सकती है। गलत तरीके से कमाया गया यह पैसा विदेश से आतंकी फंड, ड्रग तस्करी और फिरौती से इकट्ठा हो सकता है। यही सोच कर सरकार एनआईए के माध्यम से यह कार्रवाई कर रही है।

**संबंधित जिलों के डीसी से मांगा गया ब्योराः** गृह सचिव अनुराग वर्मा ने आतंकियों या गैंगस्टरों की प्रॉपर्टी की डिटेल संबंधित डिप्टी कमिश्नर कार्यालयों से मांगी है। संबंधित जिलों के डीसी को कहा गया है कि जिन लोगों के नाम एनआईए ने उपलब्ध कराए हैं।

# जीएसटी कलेक्शन में हरियाणा देश में चौथे नंबर पर: डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

## आबकारी विभाग में बदलाव के परिणाम, 10 हजार करोड़ रूपए को पार करेगा राजस्व - दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हरियाणा जीएसटी संग्रहण में निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है। पिछले वर्ष जहां प्रति व्यक्ति जीएसटी कलेक्शन में हरियाणा देश में छठे नंबर पर था, इस बार चौथे नंबर पर आ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जीएसटी संग्रहण में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बार राज्य में कुल 33,527 करोड़ रूपए का जीएसटी संग्रहण हुआ है। डिप्टी सीएम, जिनके पास आबकारी एवं कराधान विभाग का प्रभार भी है, ने बताया कि पिछले वर्ष राज्य को अंतिम तीन माह के महीनों के 2,575 करोड़ रूपए क्षतिपूर्ति के रूप में मिले हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 30,951



करोड़ रूपए प्रदेश में टैक्स के तौर पर सरकार को मिले हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हम पूरे देश में जीएसटी संग्रहण के क्षेत्र में चौथे नंबर पर हैं, हमारे प्रदेश से ऊपर केवल छोटे राज्य सिक्किम, यूटी दादरा नगर एवं हवेली और गोवा हैं। यहां तक कि हरियाणा ने दिल्ली को भी जीएसटी कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कराधान विभाग के अधिकारियों के कार्य की सराहना करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने विभाग के अधिकारियों की दो राउंड में ट्रेनिंग भी करवाई थी, इसमें एक बार ब्रिटिश हाई कमीशन से और दूसरी बार केंद्र सरकार के जीएसटी के प्रशिक्षित अधिकारियों,

> 8 जिन भी किसानों को फसल खराबे के कारण नुकसान हुआ है उन सभी किसानों को सरकार द्वारा पूरा मुआवजा दिया जाएगा

सीबीआई, ईडी, कस्टम जैसी केंद्रीय एजेंसियों के प्रशिक्षित अधिकारियों से प्रशिक्षण दिलवाया ताकि हमारे विभाग के अधिकारियों को आधुनिक तकनीक से अपडेट किया जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी साल में दो बार प्रशिक्षण देकर अपडेशन के लिए अलग से बजट का प्रावधान कर दिया है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आबकारी विभाग में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने वर्ष 2022-23 के लिए जहां 9,200 करोड़ रूपए के राजस्व का लक्ष्य रखा था, उसकी तुलना में अब तक 9,687 करोड़ रूपए की आय हो चुकी है जबकि अभी एक माह बाकी है। अनुमान है कि यह आंकड़ा 10,200 करोड़ रूपए को पार कर लेगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश में शराब की 2,400 दुकानों में से 2,104 में प्वाइंट ऑफ सेलम मशीन लगाई जा चुकी हैं और शेष दुकानों पर भी लगा दी जाएंगी। सभी डिस्टिलरीज में इस माह के अंत तक फ्लो-मीटर लगा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी गोदामों, डिस्टलरीज, बॉटलिंग-प्लांट में हाई-सिक्योरिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं और इससे लीकेज पर कंट्रोल हुआ है।

# 'गठबंधन सरकार में प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर, इसे और आगे लेकर जाना है'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा बीजेपी-जेजेपी की गठबंधन सरकार पिछले करीब साढ़े तीन साल से प्रदेश की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के प्रयासों से प्रदेश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है और हमें प्रदेश को और आगे लेकर जाना है। वे शनिवार को चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन को लेकर हम किसी के मन की टीस को खत्म नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी का गठबंधन होने के बाद गठबंधन टूट जाएगा, शुरू से ही ऐसी चर्चाएं विरोधियों द्वारा की जाती थी लेकिन कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत गठबंधन सरकार अच्छा कार्य कर रही है। एक सवाल के जवाब में



उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रत्येक संगठन अपनी मजबूती और ग्रोथ के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भाजपा स्थापना दिवस पर कहा था कि भाजपा दो सांसदों की पार्टी थी लेकिन आज 300 से ज्यादा सांसद भाजपा के है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कोई भी पार्टी खुद को सीमित दायरे में नहीं रखना चाहती। उन्होंने कहा कि गठबंधन की दोनों पार्टियां फिलहाल सभी 90 की 90 विधानसभा सीटों पर तैयारियां कर रही है, आगे क्या होगा, वो भविष्य के गर्भ में छिपा है। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि उन्हें कम उम्र में प्रदेश की सेवा करने का मौका मिला जो कि उनका सौभाग्य है। बुढ़ापा पेंशन के सवाल पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बुढ़ापा पेंशन की आय सीमा में दो लाख रुपए से बढ़ोतरी करते हुए तीन लाख रुपए की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन के पहले के मुकाबले अब लाभार्थी बढ़े है और अब आय सीमा बढ़ने से यह दायरा और बढ़ेगा। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज हमने 10 विधायकों के साथ बुढ़ापा पेंशन में 750 रुपए की बढ़ोतरी की है और हमारे 50 विधायक बनने पर 5000 रुपए बुढ़ापा पेंशन कर देंगे।

# कैथल: डी-प्लान बजट के 7 करोड़ रुपए लेप्स होने से विधायक नाराज

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
कैथल के विधायक लीलाराम ने कहा है कि शहरी व ग्रामीण एरिया में विकास को गति देने के लिए सरकार ने गत वित्त वर्ष में 13 करोड रुपए से अधिक का डी-प्लान का बजट तैयार किया था। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से इस बजट में से 7 करोड़ रुपए की राशि लेप्स होकर वापस चली गई। इस पैसे से होने वाले विकास का जनता को कोई फायदा नहीं पहुंचा। विधायक लीलाराम ने कहा कि लोग विकास कार्यों के लिए दिन रात सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। सरकार की भी मंशा है कि अधिक से अधिक विकास कार्य करवा कर के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके, लेकिन वहीं भ्रष्टाचार की वजह से कमीशन खोर अधिकारियों के कारण जनता का पैसा वापिस चला गया है। वे इस मामले को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलेंगे और इन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहेंगे। वह मुख्यमंत्री के पास ठोस तरीके से अपनी शिकायत दर्ज करवाएंगे। विधायक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी की मंशा है कि ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजनाएं फलीभूत हों, अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। जिस उद्देश्य से सरकार पैसा देती है उसी उद्देश्य से सरकार का पैसा खर्च किया जा सके। भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से यह योजनाएं सिरे नहीं चढ़ पा रही हैं। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। लीलाराम ने कहा कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करके उनको जेल में डालने का काम किया जाए।

## सीएम फ्लाइंग व एनसीआरटी का तीन किताब घरों पर छापा

**हिसार।** सीएम फ्लाईंग व एनसीआरटी की संयुक्त टीम ने शनिवार को हांसी में दो दुकानों पर छापा मारा। टीमों ने दोनों दुकानों व उनके गोदामों में रखी एनसीआरटी की सभी किताबों की जांच की। शहर में किताब घरों पर सीएम फ्लाइंग के छापे की सूचना मिलने पर पुस्तक विक्रेताओं में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर मौके से गायब हो गए। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही बुक विक्रेताओं द्वारा एनसीआरटी की नकली किताबें व एनसीआरटी द्वारा निर्धारित मूल्यों से अधिक मूल्य पर किताबें बिक्री किए जाने की सूचना यह कार्रवाई की गई है।

# 'पिछले लक्ष्य किए पूरे, अब अगले पर काम शुरू'

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**भाजपा का** स्थापना दिवस पर सफल आयोजन के बाद भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें ऐपीसोड को सुनाने के लिए भी एक विस्तृत योजना बनाई है। इस संदर्भ में शनिवार को यहां प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, डा. पवन सैनी और मोहन लाल बडोली की उपस्थिति में फैसला लिया गया कि हर विधानसभा में 100 स्थानों पर



100 लोगों के एक साथ बैठकर सुनने के प्रबंध किए जाएं। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात का 100वां ऐपीसोड 30 अप्रैल को प्रदेश की हर विधानसभा के 100 स्थानों पर लोगों द्वारा देखे और सुने जाने का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की हर मन की बात सुनने के बाद 2 लाख लाभार्थियों से सर्वेक्षण करने का लक्ष्य कैडर को दिया गया है। कार्यकर्ता लाभार्थियों से उन योजनाओं का फीड बैक लेंगे, जिनका लाभ वे उठा रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर हम 5 लाख घरों पर झंडा फहराने का लक्ष्य लेकर चले थे, इस लक्ष्य को पूरा करने में हम सफल रहे। कार्यकर्ताओं की मेहनत से पिछले लक्ष्य पूरे कर लिए गए हैं। अगले पर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग 20 हजार बूथ हैं। छह अप्रैल को लगभग 90 प्रतिशत बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना है। पन्ना प्रमुखों के बारे में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि पन्ना प्रमुख बनाने का 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और 8 विधानसभाओं में कार्यशालाएं भी की जा चुकी है। 15 प्रतिशत काम मई महीने तक पूरा हो जाएगा।

# '31 दिसंबर तक पूरा प्रदेश हो जाएगा लाल डोरा मुक्त'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने पिछले तीन वर्षों में राजस्व विभाग के तहत कई सकारात्मक कदम उठाए हैं, इसमें जहां विभाग को मॉडर्नाइज और डिजिटलाइज किया गया है वहीं स्वामित्व और लार्ज-स्केल मैपिंग की सहायता से प्रॉपर्टी को विवाद मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। यह जानकारी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पत्रकारों को बताया कि राज्य के 22 जिलों के 6260 गांवों को लाल डोरा मुक्त करने के लिए उनकी ड्रोन से 3-टियर मैपिंग पूरी कर ली

> 8 स्वामित्व और लार्ज-स्केल मैपिंग की सहायता से प्रॉपर्टी को विवाद मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े ह

गई है। इनमें 25,14,500 प्रॉपर्टी आईडी बना दी गई हैं और 23,94,000 प्रॉपर्टी आईडी को पूरी तरह से लाल डोरा मुक्त करके उनके असली मालिकों को दे दिया गया है।इनसे क्लेम एवं आपत्तियां मांगी भी गई हैं। उन्होंने कहा कि शेष पांच प्रतिशत आईडी का कार्य भी अगले दो-तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि आगामी 31 दिसंबर 2023 तक पूरे राज्य को लाल डोरा मुक्त कर दिया जाएगा, फिर हम गर्व से कह सकेंगे कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जो पूर्ण रूप से लाल डोरा मुक्त है और यहां एक-एक प्रॉपर्टी डिजिटली मार्कड है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला यह भी बताया कि प्रदेश में लार्ज स्केल मैपिंग का कार्य भी किया जा रहा है जिसके तहत प्रत्येक प्रॉपर्टी को कलर-कोडेड मार्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7115 रिवेन्यू एस्टेट हैं। इनमें 7089 ऐसे रिवेन्यू एस्टेट हैं जिनमें ड्रोन फ्लाईंग शुरू की गई और 4976 गांवों में यह ड्रोन फ्लाइंग पूरी भी हो चुकी है। करनाल, पानीपत, सोनीपत और कुरुक्षेत्र जिला ऐसे जिले हैं जिनमें सभी गांवों में ड्रोन फ्लाईंग पूरी हो चुकी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस मैपिंग का लाभ यह होगा कि कोई भी व्यक्ति कहीं से भी किसी प्रॉपर्टी को देख सकता है कि उसका मालिकाना हक किसके पास है। उन्होंने बताया कि मुरब्बा स्टोन की मार्किंग भी डिजिटली कर रहे हैं जिसकी एक्यूरेसी 0.1 ईंच तक मानी जाती है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार ने मार्च 2024 तक लार्ज स्केल मैपिंग का कार्य पूरा करने का टारगेट रखा है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र की सही मैपिंग के लिए रोवर्स भी खरीदे जा रहे हैं ताकि पहाड़ी क्षेत्र के 73 गांवों की भी लार्ज स्केल मैपिंग सही ढंग से की जा सके। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से जिला स्तर पर रिकार्ड रूम को डिजिटलाइज किया गया है उसी प्रकार से पटवारखाना, उप-तहसील, तहसील और कमीशनरेट कार्यालयों का रिकार्ड भी 31 दिसंबर 2023 तक डिजिटलाइज कर दिया जाएगा।

## ग्रामीणों ने बाधित किया जींद-पटियाला नेशनल हाइवे

**जींद**: गांव झांज कलां के ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर को गेहूं के खेत में लगी आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद न किए जाने के रोष स्वरूप जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर शनिवार को जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी दिनेश कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और समझा बूझा कर जाम खुलवाया। लगभग पौना घंटे लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। गांव झांज कलां के ग्रामीणों का शनिवार दोपहर को उस समय धैर्य जवाब दे गया जब खेत में लगी आग की सूचना देने के बाद भी गांव स्थित बिजली घर से बिजली लाइन बंद नही किया गया।

# हरियाणा-सस्केचेवान करेंगे संसदीय परंपराओं को साझा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधान सभा और कनाडा के प्रांत सस्केचेवान की विधान सभा एक-दूसरे के साथ विधायी अनुभवों, लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित विरासत और संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी साझा करेगी, इसके लिए सस्केचेवान विधानसभा का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार से हरियाणा दौरे पर आ रहा है। 10 अप्रैल को हरियाणा विधान सभा की ओर से हरियाणा निवास में इस शिष्टमंडल का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद दोनों राज्यों की समृद्ध संसदीय पद्धतियों और परम्पराओं की जानकारी का आदान प्रदान करने के लिए एक कॉन्फ्रेंस होगी जिसमें दोनों राज्यों के शिष्टमंडल शामिल होंगे। बाद में सस्केचेवान विधान सभा का शिष्टमंडल हरियाणा विधान भवन समेत कैपिटल कॉम्पलैक्स का दौरा करेगा।

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने शनिवार को सेक्टर 3 स्थित हरियाणा एमएलए हॉस्टल में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। अगस्त 2022 में हैलिफैक्स में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन के दौरान हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और सस्केचेवान के विधानसभा के अध्यक्ष रैंडी वीकस की मुलाकात हुई थी। तब दोनों नेताओं के बीच दोनों विधान मंडलों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए चर्चा हुई। इस

> 8 सस्केचेवान विधानसभा का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार से हरियाणा दौरे पर आ रहा है

मुलाकात के बाद दोनों प्रदेशों के विधान मंडलों में संबंध सुदृढ़ हुए हैं। इस मुलाकात के बाद ही दोनों प्रदेशों में संसदीय कामकाज के तौर तरीके और अपने-अपने प्रदेशों में हो रहे अभिनव प्रयोगों की जानकारी सांझा करना तय हुआ था।
दोनों के बीच हरियाणा-सस्केचेवान लेजिस्लेटिव एक्सचेंज कार्यक्रम तय हुआ। अब इसी कार्यक्रम के तहत 9 से 14 अप्रैल तक सस्केचेवान शिष्टमंडल हरियाणा का दौरा कर रहा है। सस्केचेवान के शिष्टमंडल में संसदीय मामलों के जानकार तथा पारस्परिक हित, कृषि, निर्माण, शिक्षा और व्यापार इत्यादि की जानकारी रखने वाले विशिष्ट व्यक्ति शामिल रहेंगे। इनमें प्रमुख रूप से सस्केचेवान विधान सभा के अध्यक्ष रैंडी वीक्स, विधान सभा के सदस्य वारेन केडिंग, विधान सभा के सदस्य नथानिएल टीड, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के निदेशक स्कॉट हंटर, विधान सभा के क्लर्क आइरिस लैंग शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि दोनों राज्यों में संघीय व्यवस्था के संवैधानिक ढांचे के भीतर एक सदनीय विधान मंडल हैं, इसलिए दोनों में काफी समानताएं भी और विविधाताएं भी हैं।

# 'हुड्डा पिता-पुत्र गठबंधन के मामले पर पहले घर में बनाएं एक राय'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने गठबंधन को लेकर गुरुग्राम में की गई प्रेस वार्ता के बाद दीपेंद्र हुड्डा के दिए बयान पर प्रतिक्रिया दी है। दिग्विजय चौटाला ने भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा के बयानों पर कहा कि पहले पिता-पुत्र अपने घर में एक राय बनाएं कि हमसे बात हुई थी या नहीं हुई थी, उसके बाद हमसे सवाल करें। उन्होंने कहा कि दोनों के अलग-अलग बयानों से हुड्डा परिवार का झूठ पूरी तरह जनता के सामने आ गया है। दीपेन्द्र हुड्डा द्वारा उठाए गए चुनाव के चार साल बाद सवाल उठाने के मुद्दे पर जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमने यह खुलासा अब इसलिए किया क्योंकि भूपेन्द्र हुड्डा व उनके पुत्र प्रदेश भर में घूम-घूम कर जेजेपी पर बीजेपी के साथ गठबंधन करने को लेकर दुष्प्रचार कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि बात पहले और अब की नहीं है, हुड्डा परिवार ने हमसे सवाल पूछा तो हमने जवाब दिया और अगर दोबारा पूछेंगे तो फिर जवाब देंगे। दिग्विजय ने कहा कि राजनीति में कुछ मयार्दाएं होती हैं, कुछ बातें न कही



जाएं तो अच्छी होती हैं लेकिन जब हुड्डा परिवार दुष्यंत चौटाला को निशाना बनाने के लिए झूठ का सरेआम सहारा ले रहा था तो उन्हें सच्चाई प्रदेश की जनता के सामने लानी पड़ी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भूपेन्द्र हुड्डा तो बगल में छुरी मुंह में राम-राम की नीति के तहत मीडिया में कुछ कहते हैं और निजी बातचीत में कुछ और कहते हैं। दिग्विजय ने कहा कि 2019 में चुनाव परिणाम के बाद भूपेन्द्र हुड्डा इस बात पर अड़े हुए थे कि पहले उन्हें समर्थन का ऐलान करो, फिर मुद्दों पर बात होगी। दिग्विजय ने कहा कि भूपेन्द्र हुड्डा का ऐसा करने का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ समय बर्बाद करके दुष्यंत चौटाला के साथ वैसा कुछ करने था जो हुड्डा ने 2009 में कुलदीप बिश्नोई के साथ किया था। हुड्डा का ये प्रयास सफल नहीं हो सका और अब उसकी टीस हमारे खिलाफ दुष्प्रचार करके निकल रहे हैं।

# अविकसित 20 ब्लॉक पर सरकार खर्च करेगी 77 करोड़ रूपये

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार वर्ष 2023-24 में स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना (एसकेयूवाई) के प्रथम चरण के दौरान 8 जिलों के 20 चिन्हित अविकसित ब्लॉकों के विकास के लिए लगभग 77 करोड़ रुपये खर्च करेगी। ये फंड चिन्हित किए गए ब्लॉकों में मौजूदा विकास कार्यों को पूरक और परिवर्तित करने के लिए वित्तीय संसाधनों के लिए प्रदान किए जा रहे हैं। इन 20 ब्लॉकों में लोहारू, बहल, सिवानी, कैरू बाढड़ा, गुहला, नूंह, पुन्हाना, तावडू, नगीना, फिरोजपुर झिरका, हथीन, मोरनी, पिंजौर, रायपुर रानी, बरवाला, रेवाड़ी, बावल, साढौरा और छछरौली शामिल हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना के तहत राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की बैठक में इस बजट को मंजूरी दी गई। संजीव कौशल ने कहा कि योजना का उद्देश्य अविकसित ब्लॉकों को चिन्हित करने के अलावा स्थानीय बुनियादी ढांचे और विकास में अंतर को दूर करना है, जो मौजूदा योजनाओं के माध्यम से नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, अन्य योजनाओं के साथ कौशल विकास कार्यक्रमों और अन्य विभागों के साथ कौशल विकास डिजाइन एवं विपणन सहयोग के साथ आजीविका के अवसरों में सुधार करना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है। इससे सामान्य मौजूदा योजनाओं में विशेष घटकों के माध्यम से इन चिन्हित ब्लॉकों के लिए पर्याप्त धन प्रवाह सुनिश्चित होगा। मुख्य सचिव ने स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना के समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को लक्ष्य का दायरा बढ़ाने और फील्ड अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पहले चरण में अपनाए गए मापदंडों में भूमि सिंचित क्षेत्र, शिक्षित लोग, उच्च विद्यालय शिक्षा सुविधाओं वाले गाँव, स्वास्थ्य देखभाल सुविधायुक्त गाँव, महिला साक्षरता दर और स्कूलों में लड़कियों का नामांकन शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत सरकार पूर्व में अविकसित खण्डों के विकास हेतु पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना के तहत राशि उपलब्ध करवाती थी, जिसे बंद कर दिया गया। अब राज्य सरकार ने स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना के तहत स्टेट फंड से अविकसित ब्लॉक को विकसित करने की पहल की है।

# भारत के विमानन क्षेत्र में रोजगार और विस्तार की अपूर्व संभावनाएं: बंडारू

## एयरो क्लब आफ इण्डिया द्वारा इस तरह के आयोजनों से हमारे बच्चों और युवाओं में पायलट तथा हवाई सेवा से सम्बन्धित अन्य टैक्नीशियन बनने के प्रति उत्साह पैदा होगा

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
8 अप्रैल (हि.स.)। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि भारत के विमानन क्षेत्र में रोजगार और विस्तार की अपूर्व संभावनाएं हैं। हरियाणा के युवाओं को विमानन क्षेत्र से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त कर इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। वे शनिवार को पिंजौर में आयोजित एयरो माडलिंग फैलोशिप कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एयरो माडलर्स, एनसीसी. कैडेट्स और स्कूली बच्चों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है। 2040 तक देश में 34 हजार पायलट और 45 हजार तकनीकी क्षेत्र के नए पदों की आवश्यकता होगी और इसके साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से काफी बड़ी



संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि एयरो क्लब आफ इण्डिया द्वारा इस तरह के आयोजनों से हमारे बच्चों और युवाओं में पायलट तथा हवाई सेवा से सम्बन्धित अन्य टैक्नीशियन बनने के प्रति उत्साह पैदा होगा। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में भारत की एयर इण्डिया और फ्रांस की एयर बस कम्पनियों के बीच 250 विमानों के अधिग्रहण को लेकर एक बड़ा

> 8 2040 तक देश में 34 हजार पायलट और 45 हजार तकनीकी क्षेत्र के नए पदों की आवश्यकता होगी: राज्यपाल

समझौता हुआ है जो विमानन क्षेत्र के विस्तार के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों के दौरान देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 147 तक हो चुकी है। इसके साथ ही देशी और विदेशी यात्रियों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि एयरो क्लब आफ इण्डिया खेल के रूप में उड़ान को प्रोत्साहित करते हुए देश के युवाओं के बीच हवाई मानसिकता को लोकप्रिय बना रहा है और इसके साथ ही उन्हें व्यवसायिक उड़ान और विमान औद्योगिक गतिविधियों में भाग लेने और रोजगार खोजने में सक्षम बनाने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है। इसके साथ ही यह क्लब बच्चों और युवाओं को सुरक्षित और संरक्षित रखते हुए जोखिम पूर्ण तथा रोमांचकारी हवाई खेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान कर उनमें साहस और भारतीय सेना के लिए भविष्य के फाईटर पायलट बनने के लिए भी प्रेरित करता है। इस एयरो माडलिंग शो में देश के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले माडलर्स ने एंटोनोव कारगो, टेल ड्रैगर, ट्रबो जेट इंजन से संचालित फाईटर जेट के माडलस द्वारा विभिन्न करतब प्रस्तुत किए। इन माडलर्स में उमेश मोर, दोषू विवंडी, उद्यन , विक्रम गोलना, डा. विक्रम आदि ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# रोहिणी की 11 सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

## केजरीवाल सरकार, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने परियोजना को दी मंजूरी, सुदृढ़ीकरण के बाद रोहिणी के 11 सड़कों को मिलेगा नया स्वरूप-पीडब्ल्यूडी मंत्री

### पीएम पर निशाना

= क्या देश के प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे नहीं होने चाहिए? सीएम बोले, कोर्ट के आदेश के बाद अफवाहों का बाजार गर्म है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**केजरीवाल** सरकार दिल्ली की सड़कों को सुंदर,सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रही है। इस बाबत पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने उत्तरी रोड डिवीजन के तहत रोहिणी के 7.02 किमी लम्बाई की 11 प्रमुख सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के परियोजना को मंजूरी दी। इन सड़कों में रोहिणी सेक्टर 9 स्थित अहिंसा मार्ग,सेक्टर 9 के इंटरनल रोड, सेक्टर 14 में बाबोसा चौक से तुलसी अपार्टमेंट, रिंग रोड से महेश्वरी अपार्टमेंट व ओआरआर से रोड नंबर. बी-5 तक की सड़क, सेक्टर 20 में पॉकेट-14 से पॉकेट सी-1, पॉकेट 10 से पॉकेट पॉकेट डी-4 तक की सड़क, सेक्टर 21 में पॉकेट 8 से पॉकेट 9, पॉकेट बी-2 से पार्क, पॉकेट 13 से पॉकेट 9 व पॉकेट 5 से पॉकेट 6 तक की सड़क शामिल है। परियोजना को मंजूरी देते हुए, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा, इस प्रोजेक्ट से रोहिणी में सड़कों की स्थिति बेहतर होगी, जिससे वे अधिक टिकाऊ बनेंगे। इसके अलावा सौंदर्यीकरण के साथ ये क्षेत्र की खूबसूरती को बढ़ाएंगे उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में सड़कों को बेहतर बनाने के साथ दिल्ली के नागरिकों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में शहर में सड़कों की स्थिति को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए हम योजनाबढ तरीके से काम करते है। इस योजना में विशेषज्ञों द्वारा सड़कों का मूल्यांकन, सड़कों की मरम्मत और उन्हें मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है ताकि ये सुनिश्चित हो सकें कि वे ये सड़कें भारी यातायात और किसी भी मौसम का सामना कर सकें। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली की सड़कों को मजबूत करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। यह देखते हुए कि इन सड़कों का निर्माण बहुत पहले किया गया था, वर्तमान में इनके रख-रखाव की आवश्यकता है। सिविक एजेंसियों द्वारा केबल और पाइप बिछाने के लिए सड़कों को काटने के कारण सड़कों की राइडिंग क्वालिटी भी खराब हो गई है।





### इन सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

= अहिंसा मार्ग, रोहिणी सेक्टर 9
= सेक्टर 9 स्थित इंटरनल रोड
= बाबोसा चौक से तुलसी अपार्टमेंट तक की सड़क- सेक्टर 14
= रिंग रोड से महेश्वरी अपार्टमेंट तक की सड़क-सेक्टर 14
= ओआरआर से रोड नंबर. बी-5 तक की सड़क, सेक्टर 14
= पॉकेट-14 से पॉकेट सी-1 तक की सड़क , सेक्टर 20
= पॉकेट 10 से पॉकेट पॉकेट डी-4 तक की सड़क , सेक्टर 20
= पॉकेट 8 से पॉकेट 9 तक की सड़क , सेक्टर 21
= पॉकेट बी-2 से पार्क तक की सड़क , सेक्टर 21
= पॉकेट 13 से पॉकेट 9 तक की सड़क , सेक्टर 21
= पॉकेट 5 से पॉकेट 6 तक की सड़क, सेक्टर 21

# केजरीवाल सरकार शिक्षकों को नहीं दे रही पूरा वेतन : बिधूड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार पर शिक्षकों का वेतन रोकने का आरोप लगाया है। बिधूड़ी ने शनिवार को कहा कि शिक्षा क्रांति और शिक्षकों के हितों की दुहाई देने वाली केजरीवाल सरकार शिक्षकों का शोषण कर रही है। केजरीवाल सरकार दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों के शिक्षण और गैर शिक्षण स्टाफ, समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत नियुक्त शिक्षक और वोकेशनल टीचर्स वेतन के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। समग्र शिक्षा कार्यक्रम का फंड केंद्र सरकार से लेकर भी शिक्षकों को नहीं दिया जा रहा। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षकों को समाज की रीढ़ कहती है लेकिन उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ताजा मामला समग्र शिक्षा कार्यक्रम का है। केंद्र की इस योजना के तहत शिक्षकों को 38,100 रुपये वेतन दिया जाता है। इसमें से 20 हजार रुपये का भुगतान केंद्र सरकार करती है और बाकी राशि दिल्ली सरकार को देनी होती है। केंद्र सरकार तो पूरे साल का वेतन एक साथ दिल्ली सरकार को रिलीज कर देती है।

# गंगवार हत्याकांड में शामिल अपराधी को पुलिस ने पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने कुख्यात रवि गंगवाल-रोहित चौधरी गिरोह के सदस्य को पकड़ा है जो कि चर्चित गंगवार हत्याकांड में शामिल था।
आरोपी अगस्त, 2022 से इस मामले में अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। वह दिल्ली के टॉप 10 वांटेड अपराधियों में से एक है। आरोपी पर हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा, शस्त्र अधिनियम आदि सहित 11 मामलों दर्ज हैं। उसके घर से 2 जिंदा राउंड के साथ एक अवैध पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस की टीम ने कुख्यात रवि गंगवाल-रोहित चौधरी गैंग के सदस्य मनीष साहू उर्फ नाटा को पकड़ा है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली/एनसीआर और यूपी में संदिग्ध के कुछ ठिकानों पर छापेमारी की थी। वह पुलिस से बचकर भागता रहा। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपने मोबाइल नंबर और ठिकाने को बार-बार बदल रहा था। फिर भी टीम ने धैर्य नहीं खोया और उसका पीछा करती रही। आखिरकार टीम ने 4 अप्रैल को आरोपी मनीष साहू उर्फ नाटा को बिहार के छपरा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने घर पर 2 जिंदा राउंड के साथ एक अवैध पिस्टल रखने का खुलासा किया। उक्त खुलासे पर कार्रवाई करते हुए उसके घर से हथियार बरामत दर लिए गए। इस संबंध में एक अलग मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# केजरीवाल झूठे शिक्षा मॉडल का प्रचार कर रहेः अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने पिछले 8 वर्षों में कांग्रेस की दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित बेहतर शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया, जिसका जीता जागता उदाहरण इन्होंने सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम को निचले स्तर पर पहुँचाकर दिल्ली में शिक्षा की बुनियाद को ही अस्थिर कर दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार की शिक्षा क्रांति का यह हस्र है कि किसी छात्र के 80 में से 3 नम्बर आ रहे है, किसी के 5 और किसी के 9 नम्बर। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में केजरीवाल को पटपड़गंज विधानसभा में स्कूल शिलान्यास की याद क्यों नही आई, मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद ही ईस्ट विनोद नगर में स्कूल का शिलान्यास क्यों किया। उन्होंने केजरीवाल के कथन कि मैं और मनीष इस स्कूल का उद्घाटन करेंगे, पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या शराब घोटाले के भ्रष्टाचार में जेल में बंद मनीष सिसोदिया के जेल से छूटने की गारंटी केजरीवाल को है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रसार की जगह सिसोदिया ने शराब के ठेके खोलने का काम किया जिसका परिणाम दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है और केजरीवाल सरकार के संरक्षण प्राईवेट स्कूल फल फूल रहे हैं, जिनके परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आ रहे है। दिल्लीवाले अरविन्द केजरीवाल शिक्षा मॉडल के फजीर्वाडे को पहचान चुके है। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों में 500 स्कूल बनाने का दावा करने वाले अरविन्द केजरीवाल 8 सालों में सिर्फ 19 स्कूल ही बनाऐं और 14 बंद कर दिए मतलब दिल्ली को सिर्फ 5 स्कूल ही मिले। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि एक तरफ केजरीवाल कहते हैं कि 75 वर्षों में सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्ग कर दिया और दूसरी तरफ कहते है पहले सरकारी स्कूल में पढ़कर आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, डाक्टर बनते थे अथवा 1990 के बाद सरकारी स्कूलों को षडयंत्र के तहत बर्बाद कर दिया। केजरीवाल के बयानों में असमानता लगातार जेल जाते उनके साथियों के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने का सूचक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब आप अस्तित्व में ही 2014 में आए है तब बेबुनियाद बयान देकर दिल्ली की जनता को गुमराह क्यां कर रहे है? चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल जी यह सत्य है कि 8 वर्ष में आपने दिल्ली में शिक्षा के लिए माहौल बदल दिया है। क्योंकि 8 वर्ष पहले कभी भी शिक्षा के प्रसार के लिए प्रचार का सहारा नही देना पड़ा था, शिक्षा के स्तर में इतनी गिरावट कभी नही आई थी, वर्ष दर वर्ष स्कूल छोड़ने वाले छात्रों में इतनी अधिक वृद्धि कभी नही हुई थी।




### साधा निशाना

= सिसोदिया ने पिछले 8 वर्षों में कांग्रेस की दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित बेहतर शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया

# दिल्ली में कोरोना ने बढ़ाई टेंशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। वहीं संक्रमण दर भी 20 फीसदी के करीब पहुंच गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोरोना के 733 नए मामले सामने आए। वहीं 460 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दी गई। जबकि दो मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। 3678 लोगों की कोरोना की जांच हुई जिसमें 19.93 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीज बढ़कर 2331 हो गए हैं। इनमें से 1491 मरीज होम आइसोलेशन में जबकि 91 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से सात वेंटीलेटर पर, 54 आईसीयू में और 36 ऑक्सीजन सपोर्ट पर भर्ती हैं।

# राहतः दिल्ली में सीएनजी-पीएनजी के गिरे दाम

## स्वास्थ्य मंत्री कह रहे है अभी पैनिक की स्थिति नहीः चौ, अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** दो साल बाद सीएनजी और पीएनजी के दाम में कटौती की गई। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिडेट ने शनिवार को सीएनजी और पीएनजी के दाम घटाने की घोषणा की। अब राजधानी में यह दोनों छह रुपये प्रति किलो सस्ती मिलेगी। जल्द ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में भी सीएनजी के दाम घटाए जाएंगे।
**ये होंगी नई दरें:** दिल्ली में सीएनजी की कीमत अब 79.56 रुपये से घटकर 73.59 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। घरेलू रसोई में पाई जाने वाली गैस (पीएनजी) की दरों को दिल्ली में 53.59 रुपये प्रति घन मीटर से घटाकर 48.59 रुपये प्रति मानक क्यूबिक मीटर कर दिया गया है।
**दो साल में 80 फीसदी से अधिक बढ़ी सीएनजी की कीमतः** बीते दो सालों में सीएनजी की कीमतों में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की जा चुकी थी। अप्रैल 2021 से दिसंबर 2022 के बीच 15 बार सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। बता दें कि अप्रैल 2021 से सीएनजी की कीमत 36.16 रुपये प्रति किलो थी। सीएनजी की कीमतों में पिछली बार 17 दिसंबर 2022 को बढ़ोतरी की गई थी।
**पीएनजी की कीमत में हुई 10 गुना की बढ़ोतरी :** इसी तरह सात अगस्त 2021 से आठ अक्टूबर 2022 के बीच पीएनजी की दरों में 10 गुना की बढ़ोतरी हुई। कुल कीमत में 24.09 रुपये प्रति मानक क्यूबिक मीटर की बढ़ोतरी हुई।
**अब हर महीने बदलेगा सीएनजी-पीएनजी का भावः** गैस की कीमतों में निर्धारण से संबंधित नए फॉर्मूले (घरेलू प्राकृतिक गैस की प्राइसिंग के फॉमूर्ले में बदलाव के बाद) से संबंधित सरकार के एक अलग गजट नोटिफिकेशन के अनुसार प्राकृतिक गैस की न्यूनतम कीमत 4 डॉलर प्रति और कैप के साथ अधिकतम कीमत 6.5 डॉलर प्रति होगी। सीलिंग अगले दो वर्षों यानी वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 तक जारी रहेगी उसके बाद प्रति वर्ष कीमतों में 0.25 डॉलर प्रति का इजाफा किया जाएगा। कीमतों में अब साल में दो बार संशोधन के बजाय, हर महीने संशोधित किया जाएगा।




### कटौती की गई

= इंद्रप्रस्थ गैस लिमिडेट ने शनिवार को सीएनजी और पीएनजी के दाम घटाने की घोषणा की

# कार लुटेरा मनोज बक्करवाला का करीबी बदमाश चढ़ा दिल्ली पुलिस के हत्थे

### शिकंजा

= उसपर हरियाणा पुलिस की तरफ से 25 का इनाम घोषित है। हरियाणा के एसटीएफ को उसकी काफी समय से तलाश थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी के सबसे बड़े कार लुटेरे मनोज बक्करवाला के करीबी अंतरराज्यीय बदमाश कमल को गिरफ्तार कर लिया है। उसपर हरियाणा पुलिस की तरफ से 25 का इनाम घोषित है। हरियाणा के एसटीएफ को उसकी काफी समय से तलाश थी। कमल, कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गिरोह से भी जुड़ा हुआ है। विशेष आयुक्त स्पेशल सेल एचजीएस धालीवाल के मुताबिक कमल, समयपुर बादली के लिबासपुर का रहने वाला है। बहादुरगढ़, हरियाणा के पिछले साल के एक आपराधिक मामले में हरियाणा पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। कुछ समय से सेल को सूचना मिल रही थी कि दिल्ली-एनसीआर में ठगों का एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट चल रहा है जो चोरी के वाहनों के जाली ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट तैयार कर रहा है। इसके अलावा चोरी के इन वाहनों को फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट अलग-अलग राज्यों के अपराधियों को बेचा जाता है।
**लगाया गया सर्विलांसः**
सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने के लिए इलेक्ट्रानिक और मैनुअल सर्विलांस लगाया गया। जांच से पता चला कि कमल नाम का बदमाश गिरोह का सरगना है। वह दिल्ली-एनसीआर व दूसरे राज्यों में छिपकर वहां से दिल्ली-एनसीआर में आपराधिक वारदात करवाता है। छह अप्रैल को उसके समयपुर बादली में छिपे होने की सूचना मिली। जिसके बाद डीसीपी इंगित प्रताप सिंह, एसीएसपी संजय दत्त, सुनील कुमार व इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसआइ प्रह्लाद, एएसआइ प्रदीप, राजेश राणा, हवलदार दीपक राणा, मनीष, सुमित लांबा, अमित, राकेश और दीपक की टीम ने एकता अपार्टमेंट डीडीए फ्लैट्स, सिरसपुर, समयपुर बादली से कमल को गिरफ्तार कर लिया।
**फर्जी पंजीकरण प्रमाण पत्र करता था उपलब्धः**
जांच से पता चला कि वह कुख्यात वाहन लुटेरा मनोज बक्करवाला का करीबी सहयोगी है।



# किशोरी से दुर्व्यवहार करने वाले आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** स्थित थाना न्यू अशोक नगर पुलिस ने मयूर विहार फेज-1 में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान 32 वर्षीय फरमान के रूप में हुई है।
**पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपित गिरफ्तार:** पीड़िता ने बीते दिन थाना नान में आकर आरोपित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपित ने उसके माता-पिता को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर उसके साथ संबंध बनाए और अब वह उससे शादी करने से भी इनकार कर रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी फरमान को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि पिछले साल पीड़िता की मां ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जब पीड़िता पुलिस को मिली तो उसने मेडिकल जांच के दौरान फरमान के साथ यौन संबंध बनाने के बारे में बताया था, लेकिन मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान। उसने ऐसी किसी घटना का खुलासा नहीं किया।



# इश्क, फरेब और इंतकामः धोखा मिला तो लड़की को बुलाया होटल, और...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक युवक ने** अपनी प्रेमिका की डिमांड पूरी करने और उसे खुश करने के लिए एक डॉक्टर के बेटे का अपहरण कर लिया। बदले में 20 लाख की फिरौती मांगी। मांग पूरी नहीं हुई तो लड़की की बेरहमी से हत्या कर दी। युवक व उसके साथियों को मामले में उम्र कैद की सजा हो गई। इस बीच वर्ष 2019 में कोविड के दौरान युवक पैरोल पर जेल से बाहर निकला। उसे पता चला कि उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा देकर दूसरे लड़के से शादी कर ली है। फिर क्या था युवक ने उसे मिलने के बहाने ओयो होटल बुलाया और उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। तभी से आरोपी फरार था। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर




दिया। लगातार पुलिस इसकी तलाश करती रही। अब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने इस बदमाश को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मंगोलपुरी निवासी दीपक (37) के रूप में हुई है। आरोपी उम्रकैद के मामले में पैरोल लेकर गायब होने के अलावा अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या के बाद से फरार था। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि दीपक ने पांच जनवरी 2010 को रोहिणी के एक आयुर्वेदिक डॉक्टर श्रीमल के बेटे को अगवा कर 20 लाख की फिरौती मांगी थी। रुपये नहीं मिलने पर आरोपियों ने करनाल, हरियाणा के घरौंडा में हत्या कर दी। बाद में उसका शव कार में ही छोड़कर आरोपी फरार हो गए। साउथ रोहिणी थाने में मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में दीपक व उसके साथियों को उम्र कैद की सजा हो गई। दीपक जेल में बंद था। इस बीच कोविड के दौरान वह पैरोल पर बाहर आ गया। उसे पता चला कि उसकी गर्लफ्रेंड ने उसे धोखा देकर दूसरे युवक से शादी रचा ली है। दीपक ने उससे बदला लेने की ठानी। चार दिसंबर 2020 को दीपक ने अपनी गर्लफ्रेंड को सुल्तानपुरी स्थित ओयो होटल बुलाया। बाद में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर ली।

## दिल्ली-एनसीआर में सुहावने मौसम का दौर होगा खत्म

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में सुहावने मौसम का दौर अब खत्म होने जा रहा है। एक दो दिन में पारा चढ़ना शुरू हो जाएगा, इस कारण से मई-जून वाली गर्मी का अहसास होने लगेगा। सप्ताह के अंत तक अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। वहीं शनिवार को ही दिल्ली के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। दिल्ली में शनिवार को तेज धूप के साथ अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हालांकि यह सामान्य से एक डिग्री कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से छः डिग्री कम 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते सप्ताह हुई बारिश का असर अब तक दिल्ली-एनसीआर में बना हुआ था। इस कारण से सुबह शाम हल्की ठंड का असर था।

# दीपक को महिला ने दी थी शराब में उत्तेजक दवाइयां

**आई अंजलि नाम की युवती ने ही उसकी हत्या की थी। लड़की ने लॉज में फर्जी पहचान पत्र जमा कराया था।**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** पॉश इलाके सफदरजंग एंक्लेव के बलजीत लॉज में मृत पाए गए वैशाली, गाजियाबाद यूपी निवासी दीपक सेठी (54) की हत्या की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई। दीपक के साथ आई अंजलि नाम की युवती ने ही उसकी हत्या की थी। लड़की ने लॉज में फर्जी पहचान पत्र जमा कराया था। जांच में पता चला कि युवती का नाम अंजलि नहीं है। ये बात भी सामने आई है कि नशीला पदार्थ खिलाकर लूटपाट करने वाले महिलाओं के गिरोह ने इस वारदात को अंजाम दिया था। व्यवसायी के साथ होटल में गई महिला ने शराब में व्यवसायी को नशीला पदार्थ पिला दिया था। उसके बाद लूटपाट कर फरार हो गई। उसकी मंशा सिर्फ बेहोश करने की थी हत्या करने की नहीं थी। दीपक की अधिक मात्रा में शराब व नशीला पदार्थ लेने से उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने महिला नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है।

**शव के पास मिला था नोट, 'यू आर ए नाइस पर्सन, मुझे माफ करना':** युवती मृतक दीपक के शव से ज्वेलरी व नकदी भी ले फरार हो गई थी। वहीं मौके पर मिले नोट में लिखा हुआ है कि 'यू आर ए नाइस पर्सन, मुझे माफ करना।' माना जा रहा है कि यह नोट भी युवती ही लिखकर गई थी।

**कमरे से मिली थीं उत्तेजक दवाइयां:** पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिस कमरे से दीपक का शव बरामद हुआ था वहां से कई शराब की बोतल व कई तरह की उत्तेजक दवाएं मिली थीं।

जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि दीपक के शव का पोस्टमार्टम कराकर इसके विसरा को सुरक्षित रखवाया गया है। विसरा रिपोर्ट से ही पता लगेगा कि दीपक को जहर दिया गया था यह नहीं। वहीं दीपक के शरीर चोट व गला दबाने आदि के निशान नहीं मिले हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही नगर की सडकों व गलियों में हनुमान बजरंग बली के जयकारों से वातावरण हनुमानमय बना रहा। वाहनों , दुकानों , घरों व लोगों के हाथों में जहां भी नजर जाए वहां हनुमान पताका नजर आई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजकों को सफल आयोजन पर बधाई देते हुए शहर वासियों को शुभकामनाएं दी और हनुमान जी की कृपा सबपर बनी रहे की कामना की। शहर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों व स्कूलों के बच्चों ने आज हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल रथ यात्रा में शामिल होकर शहर को हनुमानमय बनाया। जिसका शहर में विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा से पहले अनेकों संगठनों एवं मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया। रथ यात्रा में सैकड़ों हनुमान स्वरूप रथयात्रा में आकर्षण का केन्द्र बने रहे। रथ यात्रा भीमगोडा मंदिर से शुरू होकर ,सेठी चौक ,अमर भवन चौक, पुरबियान घाटी, हनुमान मंदिर, पचरंगा बाजार, चौड़ा बाजार ,इंसार बाजार, सलारगंज गेट होते हुए देवी मंदिर पहुंची। यात्रा के मुख्य संयोजक विकास गोयल, दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा, सूरज दूरेजा, हरीश बंसल, प्रवीन जुनेजा मौजूद रहे।

# इनेलो प्रदेशाध्यक्ष राठी ने ग्रामीणों को दिया परिवर्तन पद यात्रा का न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से शुरू हुई परिवर्तन पद यात्रा को जनता का भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। अब परिवर्तन पद यात्रा अगले सप्ताह बहादुरगढ़ हलके में प्रवेश करेगी। परिवर्तन पद यात्रा का बहादुरगढ़ हलके में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। यह कहना है इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का। वह परिवर्तन पद यात्रा का न्यौता देने के लिए गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों को संबोधित कर रहे थे। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी अपने जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को नूना माजरा, मेहंदीपुर डाबोदा, मांडोठी, टांडाहेड़ी, जाखोदा, जसोर खेड़ी, लोहारहेड़ी, निलोठी व लडरावन गांव में पहुंचे और लोगों को इस परिवर्तन पद यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का न्यौता दिया। गांवों में पहुंचने पर इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर नफे सिंह राठी ने कहा कि प्रदेश की जनता को लूटने वाली भाजपा-जजपा भ्रष्ट सरकार से मुक्ति दिलाने के लिए इनेलो के प्रदेश महासचिव अभय सिंह चौटाला ने इस यात्रा की शुरूआत की है। क्योंकि भाजपा-जजपा सरकार की



कुनीतियों के चलते प्रदेश की जनता का जीना दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि इनेलो की यह परिवर्तन पदयात्रा राजनीतिक लिहाज से कई कीर्तिमान स्थापित करेगी और आने वाला दौर इनेलो का ही होगा। प्रदेश में पार्टी का जनाधार पहले से कहीं अधिक मजबूत हो रहा है और जहां-जहां भी यह यात्रा पहुंच रही है लोग न केवल अपना पूरा समर्थन दे रहे हैं बल्कि भारी संख्या में अन्य राजनीतिक पार्टियों को छोड़कर इनेलो में आस्था जताते हुए चौधरी देवी लाल के सपनों की साकार करने का संकल्प भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की गलत नीतियों का दंश झेल रहा है मगर अब वक्त बदल रहा है और बदलाव की इस आंधी में प्रदेश में इनेलो की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि इनेलो की सरकार के दौरान जो कहा उसे पूरा करके दिखाया गया है। आज लोगों को अपनी शिकायतों को लेकर सरक री चौखट तक जाना पड़ता है और फिर भी कोई सुनवाई नहीं होती जबकि इनेलो के शासनकाल में सरकार लोगों के द्वार पर जाती थी और हर वर्ग की सुनवाई भी होती थी। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष राठी ने कहा कि आज महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी युवाओं के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन चुकी है। प्रदेश की गलियों एवं सड़कों की हालत खस्ता है। लोग बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इनेलो की परिवर्तन पद यात्रा में भारी संख्या में भाग लेकर यात्रा का स्वागत करें। इस मौके पर उनके साथ पैक्स चेयरमैन रामनिवास सैनी, ईश्वर छिल्लर, जय विरेंद्र दलाल, एमडी महेंद्र सिंह राठी, पार्षद पति नरेंद्र राठी, राजबीर परनाला, सूरजमल दलाल सहित अनेक कार्यकर्ता उनके साथ रहे।

## गेंहू कटाई के यूपी-हरियाणा के किसान हुए आमने-सामने

**पानीपतः** बापौली खंड के गांव संजौली व खोजकीपुर और यूपी के गांव टांडा के बीच चल रहे सीमा विवाद को लेकर शुक्रवार को संभालखा एसडीएम अमित कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के बीच किसानों ने गेहूं की फसल कटाई कंबाइन मशीन से कराई। वहीं यूपी के टांडा गांव के किसानों ने गेहूं की फसल की कटाई भनक लगते ही भारी संख्या में पहुंचकर आपत्ति जताई। उसके बावजूद हरियाणा के प्रशासनिक अधिकारी बापौली तहसीलदार जगदीश चंद्र व नायब तहसीलदार कैलाश चंद ने कानूनगो नरेश व्यास, राजेश और पटवारियों के सहयोग से रिकॉर्ड आदि दिखा कर अपना हक जताया।

# हर्बल बॉटनिकल गार्डन में पौधारोपित व श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत भगतसिंह व बटुकेश्वर दत्त द्वारा सेंट्रल असेम्बली में बम्ब गिराए जाने की घटना की याद में हर्बल बॉटनिकल गार्डन में पौधारोपित व श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल मैडम श्रीमती संजू अबरोल ने की व कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब के अंतर्गत 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हर्बल बॉटनिकल गार्डन में भगतसिंह व बटुकेश्वर दत्त द्वारा सेंट्रल असेम्बली में बम्ब गिराए जाने वाली ऐतिहासिक घटना की याद में श्रमदान



अभियान व पौधारोपित कार्यक्रम किया गया।स्वच्छता अभियान के तहत हर्बल गार्डन में सूखे पत्तों को उठाकर जैविक खाद केंद्र में डाला गया व पौधों की नुलाई-गुड़ाई,सफाई की गई।इसके साथ ही प्रोफेसर दलजीत कुमार ने विद्यार्थियों को महान क्रांतिकारियो के बारे में बताते हुए कहा कि युवा भगतसिंह व बटुकेश्वर दत्त ने अत्याचारी ब्रिटिश सरकार को जगाने के लिए असेम्बली में बम्ब फेंककर देशहित में अपना बलिदान दिया था।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब के अंतर्गत हमारा उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना व महान क्रांतिकारियो की तरह राष्ट्र भक्त बनाना है। ये युवा महाविद्यालय में शिक्षा के साथ - साथ पर्यावरण संरक्षण के कामो में लगातार रुचि लेते हैं।




एटक की लखनऊ में चल रही राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हिमाचल एटक के प्रदेशाध्यक्ष कामरेड जगदीश भारद्वाज।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# प्राकृतिक स्त्रोतों को विकसित करने में सीएम मनोहर लाल के प्रयास ला रहे रंगः नवीन

## -गुरुग्राम में प्राकृतिक स्त्रोत का अस्तित्व लौटाकर पर्यावरण सुधारने का हो

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव/गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा यह सच है कि हमारा गुरुग्राम कंक्रीट का शहर है। यहां प्राकृतिक स्त्रोतों की कमी देखी जा रही है। पुराने तालाब, जोहड़ों का अस्तित्व यहां समाप्त सा हो गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा यहां प्राकृतिक स्त्रोत को फिर से विकसित करने की दिशा में कदम उठाकर प्रकृति और पर्यावरण को संजीवनी देने का काम किया है। इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री के प्रयास रंग ला रहे हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सिकंदरपुर जल निकाय के कायाकल्प और सौंदर्यकरण के साथ वन क्षेत्र में भी विस्तार करके एक नयी और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच को जन्म दिया है। यह कार्य हम सबके लिए एक आदर्श बनेगा। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सिकंदरपुर के समीप 90 एकड़ क्षेत्र में विकसित जल निकाय के कायाकल्प व सौंदर्यकरण से जुड़ी परियोजना का भी शुभारंभ करके अरावली क्षेत्र में जंगल में मंगल करने का काम किया है। कुल 9.1 करोड़ रुपये की बड़ी राशि खर्च करके यहां जिस तरह से जल निकाय क्षेत्र विकसित किया गया है, यह हम सबके लिए प्रेरणा का काम है। ऐसे कार्यों के लिए फंड से अधिक व्यक्ति की काम के प्रति रुचि



जरूरी है। शहरों में हरित क्रांति लाने का यह नया प्रयास है, इस पर हम सबको मिलकर काम करना होगा। गुरुग्राम जैसे महानगरों में हमने कंक्रीट के नये शहर बनाकर आर्थिक संपन्नता तो दिखा दी है। यहां अच्छा जीवन व्यतीत हो इस पर भी काम करना जरूरी है। नवीन गोयल ने कहा कि इस जलाशय का अस्तित्व लौटाने में गुरुग्राम नगर निगम ने जो कार्य किया है, वह अनुकरणीय है। गंदगी और प्लास्टिक, कचरे से अटा पड़ा यह जलाशय साफ करना अपने आप में जंग जीतने के जैसा था। मैनपावर के साथ मशीनों का इस कार्य के लिए प्रयोग किया गया। इसमें से कई टन गंदगी, कचरा, प्लास्टिक निकाला गया। यहां उगी झाडि?ों को हटाया गया। पेड़ों का सौंदर्य भी बढ़ाया गया, जब जाकर यह जलाशय अस्तित्व में आया। यहां प्राकृतिक यानी बरसात का पानी भारी मात्रा में पहुंचे, इसके लिए रिहायशी क्षेत्रों से पाइन लाइन डालकर इसकी कनेक्टिविटी की गई। मानसून के समय में बरसात का पानी व्यर्थ जाने की बजाय इस जलाशय को लबालब करेगा। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी विशाल सोच को अमलीजामा पहनाते हुए सीएसआर फंड के तहत इस परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि 90 एकड़ में फैला सिकंदरपुर जलाशय और वाटरशेड गुरुग्राम को स्वच्छता और हरित वातावरण उपलब्ध कराएगा।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## Change of Name

It is for general information that I, Satya Bala Malik W/o Azad Singh Malik R/o 423, Pipli Khera, Sonipat, Haryana-131039, declare that name of mine has been wrongly written as Satyabale in my husband Pension Payment Order No 5/043929/90 (Army) . The actual name of mine is Satya Bala Malik, which may be amended accordingly.

## सार्वजनिक सूचना

मैं प्रवीण कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी गढ़ी केसरी तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत पिन कोड 13 1101 बयान करता हूं कि मेरे नाबालिग बेटे तुषार की दसवीं की अंक तालिका में मेरा नाम प्रवीण व मेरी पत्नी का नाम रीना लिखा गया है , जो कि गलत है, जबकि मेरे और मेरी पत्नी के सभी कागजात में मेरा व मेरी पत्नी का नाम प्रवीण कुमार व रीना देवी है। मेरे नाबालिग बेटे की दसवीं की अंक तालिका में मेरा नाम प्रवीण कुमार व मेरी पत्नी का नाम रीना देवी समझा जाए।



## सार्वजनिक सूचना

**मैं प्रवीण कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी गढ़ी केसरी तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत पिन कोड 13 1101 बयान करता हूं कि मेरे नाबालिग बेटे तुषार की दसवीं की अंक तालिका में मेरा नाम प्रवीण व मेरी पत्नी का नाम रीना लिखा गया है , जो कि गलत है, जबकि मेरे और मेरी पत्नी के सभी कागजात में मेरा व मेरी पत्नी का नाम प्रवीण कुमार व रीना देवी है। मेरे नाबालिग बेटे की दसवीं की अंक तालिका में मेरा नाम प्रवीण कुमार व मेरी पत्नी का नाम रीना देवी समझा जाए।**



## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### भाकियू (सुनील) के युवा जिलाध्यक्ष बने मनोज

**मथुरा।** संगठन मजबूत करने के उद्देश्य से किसान यूनियन (सुनील) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने राम नगर मथुरा निवासी मनोज फौजदार को संगठन मथुरा के युवा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी लक्ष्मण सिंह चौधरी दलवीर सिंह पवन कुंतल नरेंद्र चौधरी मुकेश चैधरी गुड्डा भैया हरवीर चौधरी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जनपथ, नई दिल्ली में विशेष हथकरघा एक्सपो का प्रारंभ

**नई दिल्ली।** स्पेशल हैंडलूम एक्सपो, एक विशेष हैंडलूम प्रदर्शनी 01 अप्रैल 2023 को हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में शुरू हुई। यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) लिमिटेड के माध्यम से हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है, जो भारत के विभिन्न शहरों में उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों के विपणन के लिए हथकरघा बुनकरों तक सीधी पहुंच प्रदान करती है। . प्रतिभागी विभिन्न राज्य सरकार निकायों/शीर्ष समितियों, प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों/हथकरघा एजेंसियों से हैं। इसमें 15 राज्यों की 35 एजेंसियां भाग ले रही हैं।

हथकरघा क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। भारत का हथकरघा क्षेत्र प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख लोगों को रोजगार देता है जो देश में कृषि क्षेत्र के बाद दूसरे स्थान पर है। हथकरघा बुनाई की कला में पारंपरिक मूल्य जुड़े हुए हैं और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट किस्में हैं। चंदेरी, मधुबनी, बनारसी, जामदानी, बालूचरी, कोसा सिल्क जैसे हथकरघा उत्पादों की विशिष्टता विशेष बुनाई, डिजाइन और पारंपरिक रूपांकनों के साथ दुनिया भर के ग्राहकों को आकर्षित करती है।

भारत सरकार ने हथकरघा उत्पादों के लिए "हैंडलूम मार्क" योजना, रेशम उत्पादों की वास्तविकता के लिए "सिल्क मार्क" और शून्य दोष वाले उच्च गुणवत्ता वाले हथकरघा उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए "इंडिया हैंडलूम ब्रांड" योजना शुरू की है और पर्यावरण पर शून्य प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए और उत्पादों की विशिष्टता को उजागर करने के अलावा उत्पादों को एक अलग पहचान देते हैं। यह खरीदार के लिए एक गारंटी भी देता है कि खरीदा जा रहा उत्पाद असली हाथ से बुना हुआ है।

### कल्याण ज्वेलर्स ने हिसार में लॉन्च किया अपना नया शोरूम

**हिसार:** देश के प्रमुख आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज हिसार, हरियाणा में अपना नया शोरूम लॉन्च किया। राज्य के सबसे बड़े बाजारों में से एक में प्रवेश करते हुए हरियाणा में कंपनी ने अपना यह तीसरा शोरूम शुरू किया है। हिसार में कल्याण ज्वैलर्स का यह एकदम नया शोरूम दिल्ली रोड पर टाउन पार्क के सामने है, और इस क्षेत्र में अपने रिटेल फुटप्रिंट और अपनी मौजूदगी का विस्तार करने के लिए कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिससे ग्राहकों को ब्रांड तक आसान पहुंच प्रदान की जा सके। इस शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के ज्वैलरी कलेक्शन के डिजाइनों की व्यापक रेंज पेश की जाएगी। आभूषणों की यह रेंज विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत की जाएगी। शोरूम की लॉन्चिंग के अवसर पर एक यूनिक प्रमोशन के तहत कल्याण ज्वैलर्स पर कम से कम 1 लाख रुपए की खरीदारी करने पर ग्राहकों को आधे खरीद मूल्य पर कोई भी मेकिंग चार्ज नहीं देना होगा। इसके अतिरिक्त इस शोरूम में कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट लागू होगी, जो बाजार में सबसे कम है और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। इस तरह ग्राहकों के लिए एक निर्बाध और सेवा-समर्थित खरीदारी अनुभव सुनिश्चित किया जाता है। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध है और केवल हिसार शोरूम में मान्य है।

नए शोरूम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, ह्यह्यएक कंपनी के रूप में, हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और ग्राहकों को खरीदारी का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए हमने एक शानदार इको सिस्टम तैयार करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। हमें हरियाणा में अपने तीसरे शोरूम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### इंटरनैशनल ट्रैक्टर्स ने 1,51,160 यूनिट्स बेच कर की सबसे बड़ी वार्षिक बिक्री

**चंडीगढ़:** सोनालीका ट्रैक्टर्स की मूल कंपनी इंटरनैशनल टैक्टर्स लिमेटिड (आईटीएल) ने किसानों की विभिन्न प्रकार की मांगों की पूति करते हुये अपने 2023 वित्तीय वर्ष में 1,51,160 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ सबसे अधिक वार्षिक बिक्री का रिकार्ड दर्ज किया है।



इस शानदार उपलब्धि में कंपनी ने 14.1 फीसदी मार्केट और 11 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। आईटीएल द्वारा बिक्री मे यह नई उपलब्धि किसानों के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है क्योंकि यह उन्हें वन स्टॉप फार्म समाधान प्रदान करता है। इस उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुये इंटरनैशनल ट्रैक्टर्स लिमेटिड के ज्वाईंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल कहा कि यह कीर्तिमान कंपनी के लिये बहुत बड़ा मुकाम है। यह मुकाम कई पहलों से प्रेरित है जिसमें उत्पाद इनोवेशन पर कंपनी का सटीक ध्यान, वैबसाईट पर ट्रैक्टर की कीमत प्रदर्शित कर उद्योग में पारदर्शिता को बढ़ावा देने, एनबीएफसी के माध्यम से किसानों को आसान लोन प्रदान करवाना, आईटीआई से तीन हजार से अधिक युवाओं की भर्ती, डिजिटलकरण और किसानों से निरंतर जुड़ाव आदि शामिल हैं। उन्होंनें भरोसा दिलाया कि निकट भविष्य में ऐसे कई ओर कीर्तिमान स्थापित करने के लिये कंपनी अग्रसर है।

# वृंदावन में व्यवस्थाओं पर रहा भीड़ का दबाव

## जगह जगह जाम और श्रद्धालुओं की भीड़ से कराहती रही कान्हा की नगरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी** धार्मिक नगरी श्री धाम वृंदावन में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। भारी जाम से शहर त्रस्त नजर आ रहा है। स्थानीय बाशिंदों की तमाम गुहार के बावजूद अधिकारी आंखे मूंदे बैठे हैं। पिछले करीब एक सप्ताह से अधिक समय से नगर का चप्पा चप्पा जाम के झाम से त्रस्त है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से ट्रैफिक सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है। वही बांके बिहारी मंदिर पर मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की ओर से बनाई गई व्यवस्थाएं भी श्रद्धालुओं की भीड़ के आगे घुटने टेकने को मजबूर हैं। प्रशासन की ओर से मंदिर के







आसपास कोई भी पुख्ता व्यवस्था तैयार नहीं की गई है। वही इस भीड़ में आए दिन कई सारे फोन चोरी हो जाने की भी सूचना मिल रही है। बाहर से दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के जेबों से फोन गायब हो जा रहे हैं और साथ ही कई कीमती चीजों पर चोर अपना हाथ साफ कर रहे हैं। वहीं मंदिर बंद हो जाने के बाद मंदिर के प्रवेश मार्गों पर श्रद्धालुओं के जूते चप्पलों का भी ढेर लग जाता है, लेकिन जिले के जिम्मेदार अफसरान के पास शहर को जाम से मुक्ति दिलाने व इन समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिए कोई ठोस प्लान नजर नहीं आ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी इस विकराल होती समस्या के निदान के लिए कोई गंभीर कदम उठाने से बचते नजर आ रहे हैं। यहां बताते चलें कि शुक्रवार से श्री धाम वृंदावन में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना के बावजूद अधिकारी आंखे मूंदे बैठे रहे। वही नगर वासियों का कहना है कि अगर ट्रैफिक व्यवस्था के यही हालात बने रहे तो नगरवासी सड़कों पर उतरने को बाध्य हो सकते हैं।

# घर घर जाकर लोगों को कांग्रेस के बारे में बताएं कार्यकर्ता: तौकीर आलम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** 18 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा की बैठक सेठ बाड़ा मथुरा पर हुई। निकाय चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एड. की अध्यक्षता में आयोजित की गई और प्रत्याशियों से आवेदन स्वीकार किए गए। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव व प्रभारी तौकीर आलम ने कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम कांग्रेस को पुनः सत्ता में ला सकते हैं आप सभी लोग जिले के नगर पंचायतों व नगरपालिका के बूथ स्तर पर घर घर जाकर लोगों को कांग्रेस के बारे में बताएं। ब्रज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने संगठन के सभी कांग्रेसी कार्यकताओं को सम्मान देते हुए कहा कि आप कांग्रेस के रीड की हड्डी हैं अगर आप हैं तो कांग्रेस है, मेरा आप सभी से निवेदन है।

प्रदेश महासचिव और प्रभारी प्रकाश प्रधान ने जय भारत सत्याग्रह में अभी से जुट जाने के लिए कांग्रेसियों का आह्वान करते हुए कहा कि मथुरा वृंदावन नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के चुनावों में जन समस्याओं को संघर्ष करते हुए बूथ को मजबूत करें और कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने में अहम भूमिका निभाई।

# नए नियम लागू होने के बाद गोवर्धन में 40 ई रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**गोवर्धन** सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये गोवर्धन एसडीएम कमलेश गोयल, सीओ राम मोहन शर्मा व नगर पंचायत ईओ आलोक कुमार द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। परिक्रमा मार्ग में 400 ई रिक्शा को पंजीकरण के बाद नगर पंचायत के द्वारा संचालन की अनुमति दी गई है। नए नियम लागू होने के बाद बिना अनुमति के चलते मिले 40 ई रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिसका शुक्रवार को राधाकुंड रोड पर स्थित डीएवी इंटर कॉलेज पर डीएम पुलकित खरे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रजिस्ट्रेशन वाले ई रिक्शाओं को रवाना किया गया। शनिवार की सुबह एआरटीओ मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ परिक्रमा मार्ग में चल रहे बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही शुरू की। जिसमें मोटरसाइकिल से जोड़कर ई रिक्शाओं का रूप देने वाले वाहनों पर भी कार्यवाही की गई।

### वृंदावन में वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली!

**मथुराः** ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत गोस्वामी समाज ने पुलिसकर्मियों पर वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध सुविधा शुल्क लेने का गंभीर आरोप लगाया है। सेवायत गोस्वामी समाज ने मंदिर प्रबंधन से वीआईपी दर्शन व्यवस्था में बदलाव की मांग की है। ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को गेट नंबर दो और तीन से प्रवेश कराया जाता है। गेट नंबर एक और चार निकासी के लिए नियत है। गेट नंबर पांच वीआईपी दर्शन के लिए आरक्षित किया गया है। जिस पर बांकेबिहारी मंदिर पुलिस चौकी के कुछ पुलिसकर्मी के साथ मंदिर प्रबंधन के कर्मचारी तैनात रहते हैं।

# सरकार को शिक्षा में गुरुकुल पद्धति अपनानी चाहिए: दिनेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने सरकार द्वारा मुगल चैप्टर हटाने का स्वागत किया है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि पुस्तकों से मुगलों का इतिहास हटाकर सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। अब तक मुगलों का इतिहास पढ़ाया जा रहा था और कांग्रेस सरकार द्वारा पुस्तकों में मुगलों का महिमामंडन किया जाता रहा है। मुगलों ने हिंदुस्तान को लूटा था और हिंदुस्तान के लिए कोई ऐसा कार्य नहीं किया गया जिससे मुगलों का महिमामंडन हो। हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि बच्चों को रामायण, महाभारत, गीता का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। जिससे बच्चों



में अच्छे संस्कार जागृत हों। सरकार को बच्चों के लिए गुरुकुल पद्धति अपनानी चाहिए, जिससे बच्चे संस्कारवान बनें। दिनेश शर्मा ने कहा सरकार के फैसले का हिंदू महासभा स्वागत करती है और सरकार से अपील करती है कि मुगलों के नाम पर जो रास्तों के नाम रखे गए हैं। उनके नाम परिवर्तन होने चाहिए और उन सड़कों के नाम भारत के वीर योद्धाओं के नाम से जाने जाने चाहिए। प्राचीन काल में मुगलों ने महिलाओं पर अत्याचार किए थे फिर भी मुगलों का महिमामंडन करवाना कांग्रेस सरकार की देन है।

# देवा सोसाइटी ने आशियाना बनवाने की जिम्मेदारी उठाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गन्नौर में जरूरतमंदों और गरीब परिवारों की सेवा करने के हमेशा काम करने वाले देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने दतौली गांव में एक गरीब परिवार का आशियाना बनाने की पहल कर मानवता की मिसाल पेश की है। उनके इस कार्य की तारीफ घर मिलने वाले परिवार के साथ सभी लोग कर रहे है। दरअसल, दतौली गांव में दो दिन पहले शॉर्ट सर्किट के चलते धनराज कश्यप के मकान में भयानक आग लगने से सब कुछ जलकर खाक हो गया था। घर में मौजूद गृहस्थी का कोई सामान नहीं बचा। इतना ही नहीं कमरे की छत तक कंडम हो गई।



घटना के समय परिवार के सदस्यों के साथ दहाड़ी पर खेत में गेहूं काटने गया था। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित ने बताया जब तक वह घर पहुंचा तो देखा कि आग में अनाज, बर्तन, चूल्हा, कपड़े, बिस्तर, जेवरात, बेड, फ्रिज, अलमारी समेत अन्य सामान जलकर खाक हो चुका था। घर में कुछ नहीं बचा। खुले आंगन में तिरपाल के नीचे ही परिवार रह रहा

> 8 शॉर्ट सर्किट के चलते धनराज कश्यप के मकान में भयानक आग लगने से सब कुछ जलकर खाक हो गया था

था। अब उसे खुशी है कि फिर से उसका आशियाना बनकर तैयार हो जाएगा। धनराज कश्यप का कहना है कि आगजनी में सिर की छत जलने के साथ ही उसके सारे अरमान जलकर राख हो गए थे। उसे कुछ नहीं सूझ रहा था। ऐसे मे समाजसेवी देवेंद्र कादियान उनके पास आए और चिंता जताई और मौके पर फोन कर घर का निर्माण करने के लिए ईंट मंगवाई है। उनके इस काम से उसका जीवन ही बदल गया।

### कहासुनी में मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर:** दतौली गांव में दो ऑटो चालकों में लेकर हुई कहासुनी में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला करने के साथ धमकी दी धमकी देने की शिकायत करते हुए पीड़ित युवक ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दतौली गांव के सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ऑटो चालक व उसके भाई के बीच किसी बात को लेकर गन्नौर में कहासुनी गई। शिकायत में आरोप है कि रंजिशन रात को आरोपी कुलदीप अपने भाई संदीप और इनका पिता निरंजन गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई जितेंद्र, अनिल व चचेरे भाई प्रवीन पर हमला कर दिया।

### आईबी कालेज में राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता उड़ान का आयोजन

**पानीपतः** जीटी रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की तरफ से एक राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता उड़ान.2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा आदि से 38 प्रतिभागियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इसके अंतर्गत बिजनेस प्लान, एंकरिंग, एंड कॉपी जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गई। मुख्य अतिथि रमेश नागपाल सदस्य प्रबंधक समिति का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि आज के युग में आगे बढ? के लिए सिर्फ पढ़ाई एवं सैद्धांतिक ज्ञान काफी नहीं है क्योंकि आज का युग प्रतियोगिता वाला युग हैं जिसमें विद्यार्थियों को आल राउंडर होना चाहिए और प्रतियोगिताएं स्किलस के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता के समन्वयक प्रो.अजय पाल सिंह और प्रो. माधवी रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका बिजनेस प्लान में प्रो.अजय पाल सिंह, प्रो.निशा गुप्ता, डॉ.रीति गुप्ता, एंकरिंग में प्रो. माधवी, प्रो.मंगल सेन, प्रो. रितिका और ऐड कॉपी में प्रो. राजेश बाला, प्रो. रूहानी शर्मा और डॉ. गरिमा ने निभाई। मंच संचालन प्रो.मनीत कौर, प्रो.पूजा डूडेजा, प्रो. सोनिया विरमानी, प्रो. हिमांशी ने किया। विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रो.वनीता, प्रो.साक्षी, प्रो.करुणा, प्रो.रीना, प्रो.रुचिका, प्रो.आकांशा, प्रो.सुखजिंदर, प्रो.जागृति, प्रो. निशा गोयल, प्रो.आँचल, प्रो. नीतू भाटिया ने अहम भूमिका निभाई।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से किराए पर ई रिक्शा लेकर

**टीम एक्शन इंडिजया/गन्नौर**
बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अज्ञात युवक ई-रिक्शा चोरी कर फरार हो गया ई रिक्शा के मालिक ने चोरी की शिकायत बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले रामनारायण ने बताया कि वह किराए पर ईद रिक्शा लेकर चलाता है शुक्रवार को जानकीदास अस्पताल के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था तभी एक युवक उसके पास आया और उसने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में जाने के लिए 500 रुपए दे दिए। शिकायत में बताया कि वह मुरथल से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस वन में स्थित फैक्ट्री नंबर 180 के पास ई-रिक्शा खड़ी कर चाय पीने लगा । कुछ देर बाद चाय पीकर मौके पर गया तो देखा कि ई-रिक्शा गायब मिली।

# युवा महोत्सव में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों की रही धूम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
6 से 8 अप्रैल के बीच द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया गया। महोत्सव में कुवि कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा ने अंतर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे आर्य पीजी कॉलेज के सभी छात्र कलाकार एवं पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉक्टर



महासिंह पूनिया ने बताया कि इतिहास में पहली बार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं अंर्तराष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग ले रहे हैं। जिसमें आर्य पीजी कॉलेज पानीपत के विद्यार्थी फोक डांस, हरियाणवी, फोक आर्केस्ट्रा हरियाणवीं और कल्चर प्रोशेशन की प्रस्तुति दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का दल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर में अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह रहा है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दल के टीम मैनेजर के रूप में आर्य कॉलेज के युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के प्रभारी डॉ.रामनिवास, केयू से डॉ. हरविंदर राणा, आर्य कॉलेज से डॉ.नीलू, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, डॉ. मोहम्मद अकरम दल की देखरेख के लिए साथ हैं। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो.संजीव शर्मा तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.शुचिस्मिता ने आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता को बधाई दी एवं सभी छात्र कलाकारों को शुभकामनाएं दी।

# फसल गिरदावरी व सत्यापन का कार्य पारदर्शिता से करें: अतिरिक्त उपायुक्त

## अतिरिक्त उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में फसल गिरदावरी व सत्यापन का कार्य पूरी पारदर्शिता से करें। इसके लिए पटवारियों के साथ एक सहायक भी रखा जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने शनिवार को उपायुक्त कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में वित्त आयुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसल खराब होने की जानकारी किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड की है।



अपलोड की गई जानकारी के आधार पर ही राजस्व विभाग के पटवारी फील्ड में फसल खराब की सही जांच करे और पोर्टल पर अपलोड डाटा के अनुसार मिलान के बाद ही फसल खराब प्रतिशत बारे रिपोर्ट भेजें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि राजस्व विभाग के पटवारियों के साथ एक सहायक रखा जाएगा जिससे इस कार्य को जल्द व पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के गिरदावरी एप के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा का

> 8 टीवीएसएन प्रसाद के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए

उपयोग खरीद के दौरान फसल सत्यापन के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा में प्रयोग किया जाना है। इसमें गिरदावरी रजिस्टर, खराबा रिपोर्ट, फसल वाइज रिपोर्ट तैयार की जानी है। उन्होंने बताया कि किसानों को अपने कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

# पीर गढी में गांव गांव चलो, घर घर चलो कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**भारतीय** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की तरफ से गन्नौर विधान सभा के अन्तर्गत गांव पीर गढी में गांव गांव चलो, घर घर चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सभा सांसद रामचंद्र जागंडा , मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहाकार राजीव जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा और ओबीसी मोर्चा के जिला ध्यक्ष दिनेश स्वामी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सभी ने भाजपा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर



उनके साथ जिला विस्तारक दिनेश ब्यास , ओबीसी मोर्चा के जिला महासचिव अशोक, विजय पांचाल राजपुर मण्डल अध्यक्ष, मनीष नरवाल पूर्व जिला परिषद चेयरमैन मीना नरवाल , रविन्द्र कश्यप , अनिल गोस्वामी, रामकुमार प्रजापति, संजय , पूर्व सरपंच सतबीर , ओमप्रकाश आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संपादकीय

# प्रसन्नता भारतीय राष्ट्रभाव का अंग

**संयुक्त** राष्ट्र टिकाऊ विकास समाधान नेटवर्क की हाल में जारी विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट की खासी चर्चा है। प्रसन्नता रिपोर्ट हर साल 20 मार्च के आसपास जारी की जाती है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में 136 देशों को शामिल किया गया है। प्रसन्नता को मापने के लिए छह प्रमुख आधार बताए गए हैं। पहला सामाजिक सहयोग है। आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति भी आधार हैं। ताजा रिपोर्ट में फिनलैंड प्रथम है। डेनमार्क दूसरा है। तीसरा आइसलैंड है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे बुरा प्रदर्शनकर्ता बताया गया है। 136 देशों की सूची में भारत को 125वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में 146 देशों में भारत 136वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पडोसी देशों से भी पीछे है। राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारम्भ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते। भारत सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित है। प्रसन्नता एक भाव है। निस्संदेह आय आदि उपलब्धियां प्रसन्न होने का अवसर देती हैं। लेकिन सामान्य जरूरतों के आधार पर पूरे देश को प्रसन्न या अप्रसन्न नहीं कहा जा सकता। प्रसन्नता वस्तुतः आंतरिक सुखानुभूति है। यह कार-बंगला जैसी उपलब्धि नहीं है। प्रसन्नता अस्तित्व की प्रीति का परिणाम होती है। ऋग्वेद में सोम देवता से की गई एक स्तुति में ह्यमुद मोद प्रमोदह्य एक साथ मांगे गए हैं। ऋषि कहते हैं कि, उन्हें ऐसे क्षेत्र में रहने का अवसर दें जहाँ मुद मोद प्रमोद एक साथ हों। इसी स्तुति में वे जल भरी नदियों की भी प्रार्थना करते हैं और सुन्दर राजव्यवस्था की भी। फिर अन्न और दूध की भी स्तुति करते हैं। वे सारी दुनिया की प्रसन्नता चाहते हैं। आवश्यक वस्तुओं का अभाव दुखी करता है। वैसे अभाव भी भाव है। प्रत्यक्ष जगत में अभाव कोई वस्तु या पदार्थ नहीं है। किसी वस्तु या पदार्थ का न होना अभाव कहा जाता है। वैशेषिक दर्शन में अभाव को भी एक पदार्थ माना गया है और उसके प्रभाव की चर्चा भी की गई है। सब प्रसन्न रहना चाहते हैं। अभाव दुखी करता है। लेकिन दुख का अभाव प्रसन्नता कहा जाता है। सुख का कारण दुख का अभाव भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट माने तो भारत अतिक्षुब्ध अप्रसन्न देश है। प्रसन्नता के अवसर भारत में हैं ही नहीं। प्रसन्नता माप के मानकों में दीर्घ जीवन की सम्भावना भी है। ऋग्वेद के ऋषि 100 वर्ष की स्वस्थ आयु चाहते थे। उन्होंने जीवेम शरदं शतं की स्तुतियां की थीं। वे 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने और प्रसन्न रहने की स्तुतियां भी करते थे। यजुर्वेद के अंतिम अध्याय को ईशावास्योपनिषद कहते हैं। इसके पहले मंत्र में ही सतत कर्म करते हुए 100 वर्ष के जीवन की प्रार्थना की गई है। प्रसन्नता के मानकों में स्वतंत्रता भी है। स्वतंत्रता आनंद के अवसर देती है। यहां के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और अंतःकरण व आस्था की भी। भारतीय संस्कृति दर्शन में प्रसन्न होना आध्यात्मिक भाव है। गीता में इच्छा शून्य चित्त दशा को महत्वपूर्ण बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में सुख और आनंद की गहन मीमांसा है। यहां आनंद के अनेक भौतिक स्त्रोत बताए गए हैं। गीत संगीत और कला भी आनंद के स्त्रोत हैं। ऐसे स्त्रोतों का उल्लेख करते हुए ऋषि कहते हैं कि, कामना शून्य ज्ञानी प्रसन्नता के वा उपकरणों की तुलना में इच्छाशून्यता में सहस्त्रों गुना आनंद पाते हैं।

# भाजपा अब दक्षिण में कमल खिलाने की तैयारी कर रही है!

अशोक भाटिया

> "जहां तक अनिल एंटनी का सवाल है वो केपीसीसी (केरल प्रदेश कांग्रेस कमिटी) में किसी भूमिका में थे। उतनी बड़ी राजनीतिक हैसियत उनकी अपनी नहीं है। लेकिन ए.के. एंटनी के पुत्र हैं तो वो हस्ती तो जरूर हैं। प्रधानमंत्री ने कुछ दिन पहले संकेत दिए थे तथा भाजपा के तमाम बड़े नेता संकेत देते रहे हैं कि वो केरल की राजनीति में किस तरह से बदलाव लेन जा रहे हैं। अभी हाल के दिनों में भाजपा का जो एजेंडा है, क्रिश्चियन बहुल प्रांतों के लिए अलग है। भाजपा केरल में वह राजनीति नहीं करेगी, जो राजनीति वह उत्तर भारत के राज्यों में या गंगा के दोआब में करती आ रही है। वहां पर उनकी कोशिश होगी कि अगर माइनॉरिटी कम्युनिटी है, उनको अपनी तरफ आकर्षित किया जाए, जैसा कि उन्होंने नॉर्थ ईस्ट में किया है। जैसा कि उन्होंने गोवा में किया है"

**उत्तर** और पश्चिम भारत में भाजपा के बैक टू बैक स्वीप ने 2014 और 2019 के चुनावों में बड़ी जीत हासिल की और अब पार्टी पूर्व और दक्षिण भारत में अपना विस्तार करने की लगातार कोशिश कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसके अपने हिंदी पट्टी के गढ़ों में उसकी लोकसभा सांसदों की संख्या में कभी कोई गिरावट हो तो उसकी भरपाई वह इन राज्यों से कर सके।भाजपा ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्यों में अपनी नई जमीन को उपजाऊ बनाया है, लेकिन विंध्य से आगे का क्षेत्र अब तक इसके लिए कम उपजाऊ साबित हुआ है। जबकि कर्नाटक आज भी भाजपा का गढ़ बना हुआ है। लोकसभा चुनावों में, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु के शेष चार राज्य भगवा लहर से काफी हद तक अछूते रहे हैं। भाजपा ने इन चार राज्यों की ज़िम्मेदारी सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश के कंधों पर डाली है। शिव प्रकाश 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और 2014 के बाद से पश्चिम बंगाल में लगातार काम कर चुके हैं। संगठन के कुशल शिल्पी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले शिव प्रकाश, संगठन खड़ा करने, संगठन को जुझारू बनाने और संगठन को लड़ने के लिए प्रेरित करने में माहिर माने जाते हैं। कार्यकर्ता की पहचान कर उसे मुफीद काम सौंपते हैं। उनके निशाने पर अभी सबसे ऊपर तेलंगाना है। यहां भाजपा 2024 के पहले विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सम्भावनाएं देख रही है। ऐसे में आरएसएस से प्रचारक बन कर निकले शिव प्रकाश ने फि लहाल दक्षिण में अपना केंद्र हैदराबाद को बनाया हुआ है।आंध्र प्रदेश में टीडीपी और तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक जैसी पारंपरिक रूप से मजबूत पार्टियां कमजोर हो गई हैं और वाईएसआर के नेतृत्व वाली सरकार को एक मजबूत चुनौती देने के लिए संघर्ष कर रहीं हैं। ऐसे मेंभाजपा के लिए स्थितियां, इस क्षेत्र में पहले से कहीं अधिक परिपक्व हैं। अब कांग्रेस के राष्ट्रीय विकल्प की पेशकश करने की स्थिति में नहीं होने के कारण वाम शासित केरल में भी भाजपा के लिए नई संभावनाएं खुल गई हैं। जहां लगभग 45 प्रतिशत अल्पसंख्यकों ने इस राज्य को भाजपा के लिए अभी तक मरुभूमि ही बनाए रखा है। पार्टी का ह्वदक्षिणी मार्चह्व कर्नाटक की सीमाओं से आगे बढ़ने में विफल रहा है, जहां वह पहली बार



2008 में सत्ता में आई थी।भाजपा ने 1999 में तेदेपा के साथ गठबंधन में नौ सीटें जीती थीं और तमिलनाडु से उसी वर्ष में चार सदस्य लोकसभा पहुंचे थे। यह दोनों राज्यों में भाजपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। इन राज्यों में पार्टी का हिंदुत्व का मुद्दा भी अन्य क्षेत्रों की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पा रहा है। दक्षिण के राज्यों में मजबूत नेताओं की मौजूदगी ना होना भाजपा के लिए सबसे बड़ा कमजोर पक्ष रहा है और अब उसकी चुनौती उससे आगे जाने की है। अब संगठन मंत्री शिव प्रकाश का ही प्रयत्न है कि दो दिन में दक्षिण के दो बड़े नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया हैं । कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व रक्षामंत्री ए.के, एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी भी भाजपा में शामिल हो गए। दोनों नेताओं ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। तो ये कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा झटका है और दक्षिण भारत में पैर जमाने के लिए जोर लगा रही भाजपा को इससे बहुत फायदा होगा। वैसे इन दोनों नए नेताओं की जो कार्यस्थली रही है, अलग-अलग रही है। दोनों का कर्मक्षेत्र अलग-अलग है, लेकिन दोनों ही कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं या फिर नेता के परिवार से आते हैं। इन दोनों को अलग-अलग करके भी देखने की जरूरत है। अगर हम अनिल एंटनी की बात करते हैं तो उनकी अपनी कोई राजनीतिक जमीन या राजनीतिक हैसियत वैसी नहीं है। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि यह कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा आघात है। ए.के. एंटनी जो तीन बार कांग्रेस से केरल के मुख्यमंत्री रहे। केंद्र में रक्षा मंत्री रहे और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। अभी जब कांग्रेस के सारे छत्रप गिर चुके हैं, ए.के. एंटनी ने दृढ़ता से मोर्चे को संभाल रखा है। उनके बेटे का कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाना और फिर जब वो भाजपा में गए हैं तो उन्होंने कांग्रेस पर बुरी तरह से अटैक करना , उनके परिवारवाद पर अटैक करना कांग्रेस के लिए घातक है। अब देखने वाली बात यह है कि आने वाले समय में भाजपा किस तरह से ए.के. एंटनी के पुत्र को उपयोग करती है, अपने राजनीतिक फायदे के लिए या राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए, ये भाजपा के रणनीति पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा। जहां तक अनिल एंटनी का सवाल है वो केपीसीसी (केरल प्रदेश कांग्रेस कमिटी) में किसी भूमिका में थे। उतनी बड़ी राजनीतिक हैसियत उनकी अपनी नहीं है। लेकिन ए.के. एंटनी के पुत्र हैं तो वो हस्ती तो जरूर हैं। प्रधानमंत्री ने कुछ दिन पहले संकेत दिए थे तथा भाजपा के तमाम बड़े नेता संकेत देते रहे हैं कि वो केरल की राजनीति में किस तरह से बदलाव लेन जा रहे हैं। अभी हाल के दिनों में भाजपा का जो एजेंडा है, क्रिश्चियन बहुल प्रांतों के लिए अलग है। भाजपा केरल में वह राजनीति नहीं करेगी, जो राजनीति वह उत्तर भारत के राज्यों में या गंगा के दोआब में करती आ रही है। वहां पर उनकी कोशिश होगी कि अगर माइनॉरिटी कम्युनिटी है, उनको अपनी तरफ आकर्षित किया जाए, जैसा कि उन्होंने नॉर्थ ईस्ट में किया है। जैसा कि उन्होंने गोवा में किया है। ये नॉर्थ ईस्ट मॉडल भाजपा केरल में अप्लाई करना चाहेगी। पाठकों को याद होगा तलासेरी चर्च के आर्कबिशप ने अभी कुछ ही दिनों पहले कहा था कि केंद्र सरकार रबर की फसल की कीमत यदि बढ़ा देती है, तो जो मालाबार के कैथोलिक समुदाय हैं वो भाजपा को वोट कर सकते हैं और इस तरह से भाजपा का अपना सांसद केरल से होने का सपना पूरा हो सकता है। इसके साथ ही अनेक जो धर्मगुरु हैं केरल में, जो चर्च में अपनी सेवाएं देते हैं, लव-जिहाद के मुद्दे पर भाजपा के स्टैंड का अप्रत्यक्ष समर्थन करते आ रहे हैं। लेकिन पहली बार कोई बड़ा धार्मिक नेता केरल में भाजपा की पैरोकारी कर रहा है।एक और धार्मिक नेता जोशी मलैट्रिल ने कहा कि अभी जो क्रिश्चियन युवाओं का रुख भाजपा की तरफ हो रहा है। इसके लिए अगर वोट बैंक की बात करें तो किरण कुमार रेड्डी के साथ कोई ऐसा तगड़ा वोट बैंक नहीं है।फिर भी यह भी सांकेतिक रूप से कांग्रेस के लिए आघात है। भाजपा के लिए जरूर फायदे की बात है। यद्यपि किरण कुमार रेड्डी अपने साथ वोट बैंक नहीं ला रहे हैं, लेकिन किरण कुमार रेड्डी के आने से यह होगा कि भाजपा को आंध्र प्रदेश में एक जाना माना चेहरा मिल जाएगा। एक अनुभवी राजनेता मिल जाएगा, जो हो सकता है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के चुनाव में एक रणनीतिकार की भूमिका निभा सकता है। दूसरी बात, रायलसीमा का जो क्षेत्र है और जो चित्तूर कर्नाटक का क्षेत्र कहा जाता है, उस क्षेत्र में हो सकता है कि भाजपा किरण कुमार रेड्डी का इस्तेमाल करना चाहे। किरण कुमार रेड्डी के भाजपा में आने से एक बात और होगी। जो रेड्डी बंधुओं के जाने से हुई, जनार्दन रेड्डी, कर्माकर रेड्डी और उनके मित्र गण, जो पहले भाजपा की सरकार बनवाने में बहुत इंस्ट्रुमेंटल थे। अभी भाजपा से अलग उन्होंने अपनी पार्टी बनाई है।

यहां पर भाजपा के द्वारा एक रिक्तता को भरने का प्रयास जरूर होगा। ये जातीय समीकरण भी देखना होगा। इससे पहले के जो पूर्व दो अध्यक्ष रहे हैं आंध्र प्रदेश में भाजपा के, वो खम और काकू समुदाय से आते थे। ये दोनों ओबीसी समुदाय हैं। अब भाजपा एक रेड्डी कम्युनिटी के लीडर को आपने पाले में लेकर आई है।

## कविता

### बदलते जमाने की हवा

जमाने को लग गई किसकी नजर,
मासूम कातिल नजर आने लगे हैं।

अबोध खिखिलाते नहीं अब खुल के,
जमाने की बंदिश से हकलाने लगे हैं।

सूरज भी तपने लगा है बेइंतहा,
परिंदे पंख अब फड़फडानें लगे है।

उलटी बयार सरसरा रही है ऐसी।
पेड़ों में नए पत्ते भी सूखे आने लगे है।'

बेरूखि का ये कैसा हो गया असर
श्रवण कुमार माँ बाप से कतराने लगे हैं।

पश्चिम का परचम फैला है इस कदर।
बच्चे देश के विदेशी कहलाने लगे है।

भूख और लाचारी सर उठाने लगी है
संजीव।
अन्न दाता ही अब जहर खाने लगे हैं।

संजीव ठाकुर

# देश का माहौल बिगाड़ने की कोशिशें

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

**आजादी के** सात दशकों बाद भी इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक एवं गंगा-जमुनी संस्कृति वाले देश में पर्व-त्योहारों पर हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। एक पर्व की शोभायात्रा पर सिर्फ दो दिन के भीतर छह राज्यों में हिंसा का फूटना महज संयोग नहीं कहा जा सकता। महाराष्ट्र के मलाड, बिहार के सासाराम, बिहार शरीफ व नालंदा, वडोदरा से लेकर हावड़ा तक भड़की हिंसा दशार्ती है कि हिंसा के मूल में महज स्थानीय कारक ही शामिल नहीं थे। आशंका जतायी जा रही है कि दो संप्रदायों में विभाजन की कोशिश करके भयादोहन किया जा रहा है। कहीं न कहीं पोलराइजेशन के जरिये वोटों की फसल सींचने की कवायद जान पड़ती है। सवाल भी उठते हैं कि राम नवमी शोभा-यात्रा, हनुमान जयंती और ऐसे ही हिंदूवादी त्योहारों के मौके पर बंगाल, बिहार क्यों दहकने लगते हैं? ऐसे धार्मिक आयोजन तो भारतीय जीवन के महत्त्वपूर्ण आयाम हैं। मुसलमान भी मुहर्रम, ताजिया पर जुलूस निकालते हैं। सभी को संविधान ने यह धार्मिक आजादी दी है। उप्र में 20 फीसदी मुसलमान सर्वाधिक आबादी हैं, लेकिन वह लगभग दंगा-मुक्त राज्य बन चुका है। हिंदू और मुसलमान दोनों ही भारत के नागरिक हैं और दोनों के समान मौलिक अधिकार हैं। फिर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह सवाल क्यों किया कि क्या राम ने हथियार लाने को कहा था? यह हिंदू भगवान और आस्थाओं का अपमान है। क्या ममता का यह मानना है कि हिंदू आबादी हथियारबंद थी और उसी ने राम नवमी की शोभा-यात्रा के मौके पर हिंसा भडकाई? यदि केंद्रीय ताकतें बाहर से गुंडे लाईं और दंगे कराए, तो ऐसे दंगाइयों को चिह्नित कर जेल में डालना भी ममता सरकार का दायित्व है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस को सडक पर उतर कर दंगा, हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा करना पड़ा। राज्यपाल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन राज्यपाल के पास ऐसा कोई अधिकार ही नहीं है, क्योंकि कानून-व्यवस्था के कार्यकारी अधिकार तो मुख्यमंत्री के पास होते हैं। दंगों और उसके बाद की परिस्थितियों पर मुख्यमंत्री ही कोई निर्णय ले सकता है। पुलिस उसका पालन करने को बाध्य है। सवाल यह भी है कि क्या हिंदू हिंदुओं के साथ ही लड़ते रहे, उन्हें मारते रहे, पथराव और आगजनी कर सार्वजनिक संपत्ति को जलाते रहे? क्या हिंदुओं ने ही मुसलमानों पर बम, बंदूक, पत्थर से हमले किए? क्या ममता ने इसीलिए भगवान राम वाला बयान दिया? चूंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को केंद्रीय गृह मंत्रालय और कोलकाता उच्च न्यायालय को रपटें भेजनी हैं, तो इन सवालों के सटीक स्पष्टीकरण देने ही होंगे। उधर बिहार लगातार जलता रहा है। जलता, भस्म होता और लहू-लुहान बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन का ज्वलंत उदाहरण है। विपक्ष जहां इसे राज्य सरकारों की कानून-व्यवस्था बनाये रखने में विफलता बता रहा है, वहीं सत्ता पक्ष उपद्रवियों को भड़काने का आरोप दल विशेष पर लगा रहा है।

## विचार

# क्यों नहीं बढ़ा रेपो रेट

पंकज गांधी

**अबकी** अप्रैल मौद्रिक नीति समीक्षा मीटिंग में कई विशेषज्ञों के आशंकाओं के विपरीत रिजर्व बैंक ने रेपो रेट नहीं बढ़ाया। एक तरफ जहां चारों ओर वित्तीय संकट छाया है अमेरिकन और यूरोपियन बैंक ब्याज दर बढ़ा रहें हैं ऐसे में इस बार भारत के रिजर्व बैंक ने अपना रेपो रेट नहीं बढ़ाना चौंकाने वाला था। यह सब उन सब के लिए राहत की बात है जिन्होंने पिछले एक सालों में बढ़ोत्तरी के 6 झटके देख चुके हैं, रेपो रेट 4 फीसदी से 6.5 फीसदी पहुंच गया और ईएमआई बढ़ चुकी है .अब कम से कम मध्य वर्ग को यह सुकून हो गया कि नया लोन महंगा नहीं होगा और मौजूदा लोन की किश्त भी नहीं बढ़ेगी. रिजर्व बैंक ने शायद यह कदम रिकवरी के मोमेंटम को थामे रखने के लिए किया है क्यूंकि तमाम वैश्विक संकटों के बीच भारत की इकोनॉमी मजबूत बनकर सधे कदमो से आगे बढ़ रही है। शायद इसीलिए रिजर्व बैंक ने कहा है की की यह एक ठहराव है और अप्रैल बैठक के लिए ही माना जाय, अगला फैसला हालात देख कर ही होगा। वैसे भी महंगाई उसके तय लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है ऐसे में वह अगर रेपो रेट बढ़ाती तो उपभोक्ता की क्रय क्षमता कम हो सकती थी जिस कारण वर्तमान में बनी हुई मोमेंटम डिस्टर्ब हो सकती थी। हालांकि रेपो रेट नहीं बढ़ाने के बावजूद रिजर्व बैंक ने महंगाई के अनुमान में कटौती के रूप में राहत भरी जानकारी दी है. इससे ऐसे संकेत मिलते हैं की आगे शायद रिजर्व बैंक दरों को कम करना शुरू कर ग्रोथ रेट और महंगाई के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करे। ग्रोथ रेट, करेंसी और महंगाई के बीच संतुलन साधने के लिये रिजर्व बैंक हर दो महीने के अंत पर द्वारा मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग करती है. इस बार की बैठक में महंगाई में कटौती का अनुमान तो लगाया गया लेकिन अभी भी यह पह्नक के टारगेट के ऊपर है और चिंता का कारण बनी हुई है। फरवरी में रिटेल महंगाई 6.44 थी जबकि पिछले साल फरवरी 2022 में यह 6.07 फीसदी थी. भले ही महंगाई दर लक्ष्य से ऊपर हो लेकिन वित्त मंत्री ने भी बोला है की इसे 6 से नीचे रखना भी एक बड़ा काम था वह भी तब जब विश्व स्तर पर परिस्थितियां प्रतिकूल हों. महंगाई की इन चिंताओं के बाद भी रिजर्व बैंक ने अगर बढ़ोत्तरी नहीं किया है इसका मतलब उसे क्रय शक्ति को बढ़ाना है. इस महीने की शुरूआत में मॉनेटरी पॉलिसी में रेपो रेट की पिछली वृद्धि को देखते हुए, असोचम ने रिजर्व बैंक से गुजारिश की थी की वह ब्याजदर नहीं बढ़ाये. पिछले वित्तीय वर्ष में 6 बार रिजर्व बैंक ने रेपो रेट बढ़ाया था. रिजर्व बैंक का मानना है की महंगाई से लड़ने के लिए रेपो रेट एक महत्वपूर्ण हथियार है . हालांकि अब तक हुई वृद्धियों से शहरी मध्यवर्ग बहुत परेशान है की वह महंगाई से लड़े या बढ़ती हुई एटकसे. एक नौकरी पेशा वाले से बात करने पर पता चला की जहां पिछले अप्रैल 2022 में उसकी किश्त 88 हजार थी वह अब ब्याज दर बढ़ने के कारण 98 हजार हो गई है जबकि उसने कोई नया लोन नहीं लिया है. कमोबेश सबकी यही हालत है. एक और आईटी प्रोफेशनल ने बताया था की साल भर पहले जब होम लोन लिया था और आज के किश्त में 25 हजार का फर्क आ गया है ऐसे में अगर इन्क्रीमेंट नहीं हुआ तो उसे दिक्कत आने वाली है।

हालांकि रिजर्व बैंक गणितीय एप्रोच पर चल रही है वह है महंगाई अगर कम करना है तो रेपो रेट बढ़ाना है. वही शहरी वर्ग कह रहा है की इस एप्रोच से किश्त बढ़ रहा है और महंगाई से तो राहत मिल नहीं रही है अतः रिजर्व बैंक को कोई अलग एप्रोच अपनाना चाहिए. शायद लगता है इस बार रिजर्व बैंक ने इस बार ध्यान दे दिया। हालांकि महंगाई का यह दर्द शहरी वर्ग को ज्यादा है बनिस्पत ग्रामीण या कस्बाई क्षेत्र के क्योंकि शहरी वर्ग सब कुछ लगभग बाहर से खरीद कर ही लाता है. वह खेती नहीं करता है या वह कसबे में नहीं है की उसे डायरेक्ट किसान से कुछ खरीद ले. उसे तेल से लगायत सब्जी सब खरीदना पड़ता है. इसलिए जिस महंगाई को कम करने के लिए किश्त की मार बढ़ाई जा रही है वह बूमरैंग कर शहरी मध्य वर्ग के पास आ जा रही है.


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हम इतिहास से सबक क्यों नहीं लेते हैं?

अंबुज कुमार

भारत सदियों से एक शांतिप्रिय देश रहा है। बौद्ध और जैन धर्म ने यहां शांति की नींव डाली थी। इसके पूर्व यहां हिंसा एवं बलि प्रथा काफी प्रचलित थी।अब तक इस देश ने किसी दूसरे देश पर चढ़ाई नहीं किया है। यह अपने अंतर्द्वंद में ही फंसा रहा है। आर्य-अनार्य संघर्ष, शैव - वैष्णव संघर्ष, हिंदू-मुस्लिम संघर्ष, सवर्ण -अवर्ण संघर्ष आदि के कारण यह लगातार कमजोर होता रहा है। जब हम नस्ल, कौम, जाति,रंग के आधार पर अपने देश के नागरिकों के खिलाफ अघोषित युद्ध छेड़ देते हैं,तब स्थिति विकराल होने लगती है। जब इसका समर्थन राजनैतिक सत्ता द्वारा प्राप्त हो तब नंगा नाच और ज्यादा बढ़ जाता है। पूरा देश इन दिनों फिर से अशांत हो गया है। पर्व त्यौहार की आड़ में भड़काऊ परिस्थितियां पैदा कर हिंसा की जा रही है। हमें विचार करने की जरूरत है कि इस पर रोक कैसे होगा।इतिहास में भी देखा गया है जब- जब जहां नागरिक समूह के खिलाफ दमन- अत्याचार हुए हैं, तब- तब उन लोगों ने या तो हथियार उठाया है या बाहरी लोगों को आमंत्रित किया है। मध्यकाल में अपने लोगों के आतंक से तंग आकर राणा सांगा ने बाबर को आमंत्रित किया था। उसके पूर्व जयचंद भी तंग आकर मुहम्मद गोरी को आमंत्रित किया था। कहा जाता है कि जब भारत में अंग्रेजों का राज स्थापित हो रहा था, तब यहां के आम जनता खुश थी, उसे लग रहा था कि यहां के राजाओं, सामंतों एवं जमींदारों के दमन से मुक्ति मिल जाएगी लेकिन हम जानते हैं कि अंग्रेज भी आकर उसी तौर तरीके से शासन व्यवस्था शुरू कर दिया था। इसी प्रकार हम देखते हैं कि जब फूलन देवी के साथ अत्याचार हुआ था,तब उसने हथियार उठाकर बदला लिया था। आजादी के बाद बिहार बंगाल में सामंतों का दमन बढ़ा तो उसी की प्रतिक्रिया में माओवादी उत्पन्न हुए। चंबल घाटी के डाकू के बारे में सर्वविदित कहानी है कि आसपास के सामंतों के अत्याचार की प्रतिक्रिया में ही वे डाकू बने थे और उन लोगों ने बदला भी लिया। इसलिए हमें समझने की जरूरत है कि लोकतांत्रिक समाज में हिंसा प्रतिहिंसा का कोई स्थान नहीं है। मानवतावाद सबसे बड़ा धर्म है।

# रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भविष्य के लिए तैयार पाठ्यक्रम चुनें

विजय गर्ग

**जैसा** कि हम आर्थिक अनिश्चितताओं और चुनौतियों की महामारी के बाद की नई दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, आप भविष्य के कार्यबल में प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने के लिए खुद को बेहतर तरीके से कैसे तैयार कर सकते हैं? आप विश्वविद्यालय शिक्षा के अवसरों का लाभ कैसे उठाते हैं और अपने तकनीकी और पारस्परिक कौशल को कैसे बढ़ाते हैं जो नियोक्ता तलाश रहे हैं? आने वाले वर्षों में आने वाली कई नौकरियों के लिए आप भविष्य को 'अभी' कैसे तैयार करते हैं? इन महत्वपूर्ण सवालों को संबोधित करने में, ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के मूल्य और महत्व पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से अनुसंधान-गहन रसेल समूह संस्थानों के प्रभाव और प्रभाव उच्च मानकों और अनुसंधान नवाचारों और उद्यमिता में प्रभाव से प्रेरित हैं। वैश्विक नौकरी बाजारों का विकास अगले तीन वर्षों के भीतर, विघटनकारी प्रौद्योगिकियों द्वारा लाखों मौजूदा नौकरियों को या तो खारिज कर दिया जाएगा या उनका रूपान्तरण कर दिया जाएगा। काम का तथाकथित भविष्य पहले से ही डिजिटल स्वरूपों में और दूरस्थ आभासी और हाइब्रिड मोड में हो रहा है, और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और भौगोलिक क्षेत्रों में तेजी से प्रवेश कर रहा है। हालांकि, काम के नए और उभरते मॉडल अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, परिणामोन्मुखी और अत्यधिक कौशल पर निर्भर हैं, दोनों पेशेवर और पारस्परिक हैं। डिजिटल कौशल घाटा आज के वैश्विक व्यवसायों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में जटिल डेटा और एआई एल्गोरिदम द्वारा संचालित मानव-मशीन इंटरफेस का एक दुर्लभ संयोजन शामिल है। ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियलिटी (वीआर और एआर) एक अभूतपूर्व गति से हमारी दिनचर्या में तेजी से एकीकृत हो गए हैं। हालाँकि, जैसे-जैसे तकनीक स्मार्ट होती जा रही है, दुनिया भर में डिजिटल कौशल की कमी एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। चाहे वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो, ऊर्जा हो, पर्यावरण हो या रक्षा हो, हमारे अधिकांश व्यवसाय, आर्थिक और यहां तक ??कि राजनीतिक निर्णय भी डेटा से सूचित और प्रभावित होते हैं।

# 'देशी नस्ल की गायों का संर्वधन करने की आवश्यकता'

### एनडीआरआई ने अपनी स्थापना के 100 वर्षों की अवधि 150 में प्रौद्योगिकियों का विकास किया है, जिनमें से 46 को पेटेंट के लिए दाखिल किया गया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल में तीन दिवसीय राष्ट्रीय डेयरी मेले शुभारंभ हुआ। डेयरी मेले का उद्घाटन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (पशुविज्ञान) डा. भूपेन्द्र नाथ त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा किया गया। राष्ट्रीय डेरी मेला के उद्घाटन अवसर पर एनडीआरआई करनाल के निदेशक एवं कुलपति डा. धीर सिंह ने बताया कि एनडीआरआई ने अपनी स्थापना के 100 वर्षों की अवधि 150 में प्रौद्योगिकियों का विकास किया है, जिनमें से 46 को पेटेंट के लिए दाखिल किया गया है। इनमें से 36 प्रौद्योगिकियों को पेटेंट भी प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा 86 प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यिकरण भी किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाने वाला राष्ट्रीय डेरी मेला किसानों एवं पशुपालकों के लिए अनेक कारणों से बहुपयोगी होता है। यह मेला एक मंच है, जहां डेरी विज्ञान से संबंधित सभी नूतन तकनीकियों को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस मेला का मुख्य आकर्षण स्वरूपा नाम क्लोन्ड भैंस है, जिसको देखकर हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों से आए हजारों किसान एवं पशुपालक आनंदित एवं आश्चर्यचकित हैं। डा. धीर सिंह ने बताया कि इस मेला में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें 100 से अधिक स्टॉलों पर उद्योग जगत के उद्यमी, स्टार्सटअप्स, स्वयं सहायता समूह, बैंक, डेरी विज्ञान से संबंधित अनेक संस्थानों के अन्य के स्टॉल लगे हुए है। इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 15 स्टॉल भी मेला का आकर्षण में जो अपनी नवीनतम प्रौद्योगिकियों एवं तकनीकियों के द्वारा किसानों को लाभ पहुंचा रहे हैं। किसानों को जानकारी प्रदान करने हुए कृषि विज्ञान के प्रतिनिधि एवं उनके साथ आए किसान भी मेला में सम्मिलित हुए। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डा. त्रिपाठी ने बताया कि पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन, सीमित जल एवं जमीन को ध्यान में रखते हुए हमें उन्नत नस्ल की गाय चाहिए, जिनकी उत्पादकता अधिक हो और वह वर्तमान वातावरण को सहन करने वाली हो। उपरोक्त परिपेक्ष में किसान भाइयों एवं पशुपालकों को देशी नस्ल की गायों का संर्वधन करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1950 में देश की आबादी 35 करोड़ थी, जो आज बढकर 140 करोड़ हो गई है, जबकि दूध उत्पादन में हमने 12 गुणा प्रगति की है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय गाय-भैंसों की संख्या 1 लगभग 20 करोड़ थी, जो अब बढकर 30 करोड़ हो गई है। ऐसा बेहतर पोषण, रोगों का प्रबंधन, नवीनतम तकनीकियों के इस्तेमाल किए जाने के कारण हुआ है। अपने अभिभाषण के अंत में उन्होंने किसानों के एफपीओ तथा स्वयं सहायता समूह बनाकर लाभ हेतु कार्य करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंत नगर के गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि आज देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की चर्चा जोरों पर है। इसलिए देश के किसान भाई एवं पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में वैज्ञानिक तौर तरीके अपनाने की आवश्यकता है। डा. अरूण कुमार तोमर, निदेशक ने समेकित कृषि अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि किसान एवं पशुपालकों ने कोरोना काल में बताया है कि वो अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था के रीढ़ हैं। डा. उधम सिंह गौतम, उप महानिदेशक (कृषि प्रसार), आईसीएआर नई दिल्ली ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए बताया कि भारत में वर्तमान समय में 731 कृषि विज्ञान केन्द्र हैं जिनके माध्यम से सरकार कृषि क्षेत्र की नवीनतम प्रौद्योगिकियों एवं तकनीकियों को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाने का अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसान उपयोगी प्रशिक्षण भी कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा दिए जा रहे है।

## बारिश से फसलों को पहुंचे नुकसान का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** जिला में बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को पहुंचे नुकसान का जायजा लेने के लिए तहसीलदार सोनीपत जिवेन्द्र मलिक ने शनिवार फिल्ड में जाकर खिजरपुर जाट माजरा, बादशाहपुर माछरी, करेवड़ी, हुल्लेडी व मोहना गांव के खेतों में जाकर निरीक्षण किया।

तहसीलदार ने कहा कि बारिश व ओलावृष्टि के कारण फसल खराबे की रिपोर्ट का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट अनुसार प्रभावित किसानों को सरकार के मापदंडों के अनुरूप मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना या बागवानी बीमा योजना में पंजीकरण नहीं कराया है, ऐसे प्रभावित किसान प्राकृतिक आपदा जैसे ओलावृष्टि, बेमौसमी बारिश व अन्य कारणों से हुए फसलों के नुकसान की सूचना क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फसल खराबे की सूचना देने वाले किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण होना आवश्यक है।

## न्यूज फ्लैश

### रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया 2023 के लिए राजसी तंजावुर कलेक्शन को प्रदर्शित किया

**करनाल।** भारत के एक मुख्य आभूषण ब्रांड,रिलायंस ज्वेल्स ने गर्व से अपना शानदार अक्षय तृतीया कलेक्शन लॉन्च- "तंजावुर" को प्रदर्शित किया। सम्मोहक कर देने वाले मंदिरों, शाही दरबार हॉल, बोम्मई डोल और आर्टिस्टिक पूम्पुहर जहाजों से प्रेरित एक बहुत ही सुंदर आभूषण कलेक्शन। यह मेगा लॉन्च इवेंट बुधवार, 5 अप्रैल 2023 को शांगरी-ला, बैंगलोर में हुई, और इसमें एचएनआई ग्राहकों, मीडिया, फैशन बन्धुत्व और संभावित खरीदारों ने हिस्सा लिया। इस इवेंट का प्रमुख आकर्षण का केंद्र शानदार शो स्टॉपर जाह्नवी कपूर थीं, जिन्होंने राजसी "तंजावुर" कलेक्शन आभूषण पहनकर रैंप की शोभा को बढ़ाया। जाह्नवी कपूर शोस्टॉपर ज्वैलरी को पहनकर रैंप वॉक करते हुए बहुत आकर्षित लग रही थीं। उसने हीरे जड़ित हार और झुमके का कलेक्शन पहना था, जो मंदिर के मिक्स डिजाइनों से प्रेरित था, जिसे रोज गोल्ड में तैयार किया गया था। इस अक्षय तृतीया, रिलायंस ज्वेल्स ने तमिलनाडु के एक आलीशान शहर तंजावुर की यात्रा की है, जहां कला की पूजा की जाती है ताकि दक्षिण भारत में चोलों, पांड्यों और मराठों जैसे विभिन्न राजवंशों की राजधानी के रूप में सेवा करने वाले राज्य में छिपे हुए जवाहरातों का पता लगाया जा सके। इस मौके पर रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ श्री सुनील नायक ने बताया, "हमें इस अक्षय तृतीया पर संपूर्ण भारत में अपने तंजावुर कलेक्शन को प्रस्तुत करने पर गर्व है, जो तमिलनाडु में तंजावुर की समृद्ध विरासत के मूलतत्व को दिखलाता है। हमारे कथ्यपरक आभूषण कलेक्शन हमारे देश की विविध संस्कृति के लिए एक सम्मान हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में चार लोगों की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** बीती देर रात नेशनल हाईवे पर कस्बा तरावड़ी के पास हादसा हो गया, जिसमें 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को पीजीआई रोहतक रैफर किया गया है। हादसे में मरने वाले लोग पंजाब के अमृतसर के रहने वाले बताए जाते हैं। थाना तरावड़ी प्रभारी संदीप सिंह के मुताबिक शुक्रवार देर रात करनाल-दिल्ली नेशनल हाईवे पर एक गाड़ी का टायर पेंचर हो गया था, जबकि अन्य एक गाड़ी खराब हो गई थी। गश्त पर तैनात थाना का एक हेड कॉन्स्टेबल भी मौके पर पहुंच मदद कर रहा था। पीछे से तेज रफ्तार एक कैंटर आया और उसने पीछे खड़ी गाड़ी को टक्कर दे मारी, जिससे गाड़ी आगे खड़ी दूसरी गाड़ी से जा टकराई। थाना प्रभारी के मुताबिक हादसे में घायल हुए 3 लोगों ने करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया, जबकि चौथे व्यक्ति की मौत पीजीआई रोहतक में हुई। एक गाड़ी का ड्राइवर बिल्कुल स्वस्थ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे में जान गंवाने वाले लोग अमृतसर से दिल्ली जा रहे थे। इनमें से एक युवक सीए था, जो किसी सेमिनार में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

## नकली पासपोर्ट बनवाने के मामले में दो अरेस्ट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना असंध की टीम द्वारा जाली कागजात तैयार करवाकर पासपोर्ट बनवाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में एक आरोपी ने दूसरे व्यक्ति के नाम पर फर्जी कागजात तैयार करवाकर उस पर अपना फोटो लगाकर पासपोर्ट बनवाने की वारदात को अंजाम दिया था।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता विरेन्द्र सिंह पुत्र सतनाम सिंह वासी गांव खेडी सर्फली जिला करनाल ने 4 अप्रैल को थाना असंध में एक शिकायत देते हुए बताया कि उसने अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए अप्लाई किया था। जब वह निश्चित दिन पर अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए देहरादून स्थित पासपोर्ट सेवा केन्द्र में अपने कागजात लेकर गया तो उन्होंने बताया कि आपका पासपोर्ट तो पहले से बना हुआ है। जबकि शिकायतकर्ता ने अपना कोई भी पासपोर्ट नहीं बनवाया था। जब उसने रिकॉर्ड देखा तो पाया कि उसके गांव के एक लडके मनजोत सिंह उर्फ लक्की ने शिकातयकर्ता के नाम व पते के कागजात तैयार करके व उस पर आरोपी ने अपनी फोटो लगाकर धोखाधड़ी करके पासपोर्ट बनवाया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ नामजद थाना असंध में धारा भारतीय दंड संहिता की धारा-406,420,467,468,471 व पासपोर्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में थाना असंध टीम के सहयोग से 6 अप्रैल को आरोपी मनजोत सिंह उर्फ लक्की पुत्र केवल सिंह वासी खेडी सर्फली जिला करनाल को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 7 अप्रैल को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। दौराने रिमाण्ड पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि उसने कुछ समय पहले बहाने से शिकायतकर्ता की मार्कशीट ली थी, जिसके बाद उसने उसी मार्कशीट के आधार पर अपने कागजात में शिकायतकर्ता का नाम व पता लिखवा लिया।

## शरीर को स्वस्थ रखना हमारा लक्ष्य होना चाहिए : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत जन-जन को स्वस्थ करने के मिशन को आगे बढ़ाते हुए एक नई योग कक्षा की शुरूआत कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में की गई। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शुरू की गई इस कक्षा में पहले ही दिन साधकों का उत्साह देखते ही बनता था। लोगों ने जोश के साथ यौगिक क्रियाएं की। दिनेश गुलाटी ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर 1.25 लाख सूर्यनमस्कार अभियान की शुरूआत 9 अप्रैल को फव्वारा पार्क योग कक्षा में संजय बठला, प्रतिनिधि मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा की जाएगी और आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य अमूल्य धन है और इसके लिए योग को दिनचर्या में शामिल करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने साधकों को निरोग रहने के टिप्स दिए और बताया कि दिनचर्या में परिवर्तन, समय पर भोजन, सीमित मात्रा में स्वास्थ्यवर्धक भोजन, पर्याप्त मात्रा में पानी और मेडिटेशन करना बहुत आवश्यक है। शरीर को स्वस्थ रखना हमारा लक्ष्य होना चाहिए और उसकी प्राप्ति के लिए विभिन्न तरीके अपनाए जाते हैं।

## जिले में मिले कोरोना से संक्रमित 06 पोजिटिव केस: सिवाच

**सोनीपत: उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 06 नया पोजिटिव केस मिले हैं और 02 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59948 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 651 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है।

## सरकार लोगों की भलाई के लिए समर्पित: हरविन्द्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**घरौंडा** विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अनेकों ऐसे कार्य हुए हैं, जो पूर्व की सरकारें सोच भी नहीं सकती थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में खुशहाली का दौर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जन कल्याण और आम जनता की भलाई के लिए समर्पित है। विधायक कल्याण अपने निवास कल्याण फार्म पर आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुन उनका निराकरण कर रहे थे। जन सुनवाई के दौरान पंचायती राज विभाग, नगरपालिका तथा निगम, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, गलियां, सडकें, बारात घर, चौपालें बनवाने जैसी तरह-तरह की मांगे उपस्थितजनों ने विधायक कल्याण के सामने रखी। विधायक कहा कि भाजपा सरकार एक नेक नीयत वाली सरकार है, जो आम जनता की भलाई के लिए नई-नई योजनाएं लेकर आती हैं। पहले की सरकारों में तो भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार अपने

**8 विधायक अपने निवास कल्याण फार्म पर आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया**

चरम पर था। उनकी सरकारों में सिर्फ करीबी लोगों को ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिल पाता था। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर कार्य करते हुए हर वर्ग चाहे वो किसान, मजदूर, गरीब व पिछड़ा वर्ग हो सभी को साथ लेकर और सबके हित में कार्य कर रही है। उन्होंने पिछले सरकारों और भाजपा सरकार के शासनकाल के अंतर के बारे में बताते हुए कहा कि पहले विकास कार्यों तथा जन सुविधाओं के विषय पर भेदभाव किया जाता था, जिसकी वजह से हमारा क्षेत्र विकास और काफी सुविधाओं से वंचित रहा। लेकिन भाजपा सरकार के कार्यकाल और मुख्यमंत्री की एक समान सोच के कारण घरौंडा विधानसभा में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में काफी विकास हुआ है।

## ब्रज की दस धाम यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री राधा** कृष्ण कृपा मण्डल की ओर से आज सेक्टर-9 स्थित श्री शिव सनातन धर्म मंदिर परिसर में 58वीं दस धाम यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शिव मंदिर के प्रधान राहुल बाली, उप प्रधान पवन शर्मा, सह सचिव आनन्द शर्मा एवं जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र बडौता ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सबसे पहले संस्था के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके इस यात्रा की शुरूआत की। गणेश वन्दना के उपरान्त आरती की गई। इसके उपरांत श्री राधा कृष्ण कृपा मण्डल के सदस्यों द्वारा शिव मंदिर की कार्यकारिणी के सदस्यों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। यात्रा की शुरूआत में प्रभु भजन गाये गए, जिस पर सभी श्रद्धालु जमकर झूमे और राधा कृष्ण के जयकारों की गूंज रही। मण्डल की संरक्षक उर्मिल दीदी ने बताया कि संस्था की पहली ब्रज यात्रा 4 अप्रैल 2014 को नाग पंचमी के दिन शुरू हुई थी। संस्था द्वारा 108 ब्रज यात्रा करने का संकल्प लिया हुआ है। इन दसों धामों में कोकिलावन, नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन परिक्रमा, मथुरा जन्मभूमि, गोकुल, रमणरेती, ब्राह्मांड घाट, चिन्ताहरण महादेव व

**8 यात्रा की शुरूआत में प्रभु भजन गाये गए, जिस पर सभी श्रद्धालु जमकर झूमे**

वृंदावन आदि शामिल है। अब तक संस्था 57 यात्राओं में 3135 भक्तों को ब्रज यात्रा करवा चुकी है। संस्था प्रधन कविता मलिक ने कहा कि भक्तों की सेवा करना एवं प्रभु की महिमा का गुणगान करना ही संस्था का उद्देश्य है। संस्था की हरि संकीत्र्तन मंडली द्वारा हर रविवार को शहर में निशुल्क भजन कीत्र्तन भी किया जाता है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## नशा मनुष्य के जीवन की उन्नति में सबसे बड़ी बाधाः अशोक कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशा-निदेशों एवं मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य परिवहन करनाल में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह करनाल जिले में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 112वां जागरूकता कार्यक्रम था, जिसमें चालक प्रशिक्षण पर आए 88 युवाओं ने भाग लिया। करनाल परिवहन के कर्मचारी विनोद कुमार की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन का उद्देश्य सुख एवं शांति के साथ जीवन व्यतीत करना होता है। इस बहुमूल्य जीवन में यदि मनुष्य नशा करने लगता है तो जीवन नरक के समान बन जाता है। नशा मनुष्य के जीवन की उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि आज के युग में नशे अनेक प्रकार और अनेक रूप में आ चुके हैं, जिससे हमें दूर रहने की आवश्यकता है। सबसे भयंकर नशे सिंथैटिक और ड्रग्स के हैं जो प्रतिबंधित हैं और चोरी छिपे बिक रहे हैं।

## जीवन में शिक्षा ही सफलता की राह प्रशस्त करेगी: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जीवन में शिक्षा ही सफलता की राह प्रशस्त करेगी। सोनीपत क्षेत्र में टीका राम एजुकेशन सोसायटी उत्कृष्ट शिक्षा के हब के तौर पर स्थापित हो चुकी है, जिसका श्रेय संस्था के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया और उनकी टीम को जाता है। यह उद्गार राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आज छोटू राम आर्य कालेज में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में शिक्षा उत्थान का श्रेय शिक्षण संस्थाओं को जाता है। खासतौर पर सोनीपत में ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतरीन शिक्षा देकर विद्यार्थियों का कॅरियर संवारने के लिए उन्होंने टीका राम एजुकेशन सोसायटी की सराहना की। दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने छोटू राम आर्य कालेज को भी शिक्षा एवं खेल का अहम केन्द्र बताया और कालेज की उपलब्धियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। टीका राम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने समारोह की अध्यक्षता की। छोटू राम आर्य कालेज के प्राचार्य डा. नरेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम के प्रारंभ में कालेज की वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। डा. हरिन्द्र सिंह दहिया ने मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा का परिचय दिया तथा डा. अनु राठी ने टीका राम एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दहिया का परिचय दिया। समारोह में सीआरए कालेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छोटू राम आर्य कालेज के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धर्मपाल मलिक, हरियाणा विधान सभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार, गोहाना से विधायक जगबीर मलिक, खरखौदा से विधायक जयबीर

**8 सोनीपत क्षेत्र में टीका राम एजुकेशन सोसायटी उत्कृष्ट शिक्षा के हब के तौर पर स्थापित हो चुकी है**

सिंह, बरोदा से विधायक इंदु राज नरवाल, सफिदों से विधायक सुभाष गंगोली, हसनगढ़ के पूर्व विधाक संत कुमार, टीका राम एजुकेशन सोसायटी के उप्रधान राम चंद्र शास्त्री, महासचिव भूपेन्द्र सिंह दहिया, कोषाध्यक्ष रंजीत मलिक समेत सभी कार्यकारिणी सदस्य, सोनीपत युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमन दहिया, प्रदेश यूथ कांग्रेस के महासचिव अभय दहिया,अमर अंतिल समेत शहर के प्रबुद्धजन, प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाजसेवी, सीआरए कालेज व अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# वंचित फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वांछित फाउंडेशन द्वारा रामबेटी वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस नि:शुल्क जांच शिविर में आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के अलावा अन्य लोगों ने भी अपनी दिक्कतों से संबंधित स्वास्थ्य जांच करवा कर इसका फायदा लिया। वांछित फाउंडेशन संस्था द्वारा जीटी करनाल बाई पास स्थित राम बेटी वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. हीरालाल श्राफ व डॉ. कृष्ण कुमार की टीम ने बीपी, ब्लड शुगर आदि की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां भी दी।
इस मौके पर डॉ. हीरालाल श्रॉफ ने शिविर में आए मरीजों को बीमारी एवं आपातकालीन स्थिति से बचाव के टिप्स भी दिए और कहा कि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर 6 महीने में अपने शरीर की सभी जांच जरूर करानी चाहिए।
वहीं, डॉ कृष्ण कुमार ने गर्मी में अधिक से अधिक तरल तथा सुपाच्य भोजन लेने की सलाह दी।
शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी बीमारी से संबंधित स्वास्थ्य जांच करा कर इसका फायदा लिया। शिविर में वांछित फाउंडेशन से सुनीता मेहरोत्रा, दिनेश जैन, राजीव, प्रोमिला दुहन, नेहा, बबली, नीलम, सुदेश, लक्ष्मी, गोला, साक्षी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वार्ड-18 के कलंदर कॉलोनी में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

## वसंत कुंज के मसूदपुर डेयरी इलाके में कार में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज के मसूदपुर डेयरी के पास शनिवार सुबह एक कार में आग लग गई। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही एक जांच अधिकारी और अन्य कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में ऐसा लगता है कि इंजन में खराबी के कारण वाहन में आग लगी। दमकल विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में किसी जानमाल के नुकसान की जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। अधिकारियों ने कहा कि सूचना मिलने के बाद 25 दमकल गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल स्थिति दमकल कर्मियों के कंट्रोल में है।

## संगठन की वार्षिक बैठक में कुछ पदों पर बदलाव के साथ नए सदस्य हुए शामिल: मोहित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रतिष्ठा युवा संगठन के तत्वावधान में कार्यकारिणी सदस्यों की वार्षिक बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई। कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार द्वारा की गई। इस दौरान वार्षिक कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए संस्थापक मोहित कुमार ने बताया कि गत वर्ष 5 लाख सेनेटरी पैड पीस वितरण के अलावा ऑनलाइन योग, टीबी, कैंसर बचाव जानकारी के साथ स्वयं सहायता समूह, स्वरोजगार, वित्तीय साक्षरता, जीवन कौशल प्रशिक्षण आयोजित करने के साथ देश निर्माण व राष्ट्रहित में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि संगठन को सामाजिक व सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता को देखते हुए समय-समय पर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाता हैं, जिससे कई राज्यों में संगठन द्वारा सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकें। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन से जुड़े युवा स्वयं सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य, राष्ट्रीय वक्ताओ व सामाजिक कार्यों में लगे युवाओं को कार्यकारिणी सदस्यों की सहमति से शामिल किया जाता हैं। इसी दिशा में कुछ पदों में बदलाव भी होता हैं इस वर्ष की प्रथम बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से प्रिया सैनी को उपाध्यक्ष, दिल्ली की आरती कंवर को कार्यक्रम संयोजिका, श्रेया सहाय को मीडिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों में उत्तर प्रदेश के अभय कुमार शुक्ला, दिल्ली की नेहा महावर एवं अन्नू को शामिल किया गया है।

# शिवाजी कॉलेज: मनुष्य को श्रेष्ठ बनाए वहीं मानव मूल्य है: प्रोफेसर पूरन चंद टंडन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवाजी** कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा साहित्यिक-सांस्कृतिक समिति साहित्य संगम द्वारा 'भक्तिकालीन काव्य एवं मानव मूल्य' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रथम सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर तथा भारतीय अनुवाद परिषद के निदेशक प्रो. पूरनचंद टंडन ने अध्यक्षता की।
इग्नू में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत प्रोफेसर नरेंद्र मिश्र मुख्य वक्ता रहे। जबकि कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के प्रो. अनिल राय ने अध्यक्षता की तथा हिंदू कॉलेज में कार्यरत प्रोफेसर हरेंद्र कुमार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।
कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शिवकुमार सहदेव भी सम्मिलित हुए और उन्होंने संगोष्ठी के लिए प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। हिंदी विभाग के प्रभारी प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने संगोष्ठी की प्रस्तावना के संबंध में अपनी बात रखी। मुख्य वक्ता प्रो. नरेंद्र मिश्र ने भक्तिकाल की समरसता और लोकमंगल की भावना पर विस्तार से चर्चा की।
प्रो. पूरन चंद टंडन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आज के समय में भक्तिकालीन काव्य और मूल्यों की प्रासंगिकता पर बल दिया। डॉ. विकास शर्मा ने इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में प्रो. हरीन्द्र कुमार ने तुलसीदास की रामचरित मानस ग्रन्थ के विभिन्न उद्धरणों के माध्यम से अपनी बात को रखा। प्रो. अनिल राय ने भक्तिकालीन काव्य के विभिन्न प्रसंगों में मानव मूल्य, आदर्श, भक्ति के प्रकार आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मलिक मोहम्मद जायसी, मीराबाई, रसखान, सूरदास सहित विभिन्न संतो एवं सूफी कवियों की कविताओं के माध्यम से मानव उपयोगी मानव-मूल्यों पर प्रकाश डाला।
प्रो. दर्शन पाण्डेय के वक्तव्य एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ सत्र का समापन हुआ। संगोष्ठी में शिवाजी कॉलेज तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के विविध महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं शोधार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।
हिंदी विभाग के प्रभारी प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से यह संगोष्ठी पूर्णतः सफल और ज्ञानवर्धक रही।

## भाजपा आलाकमान का इन्द्रजीत मुखी ने किया धन्यवाद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडल भाजपा के महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि भाजपा आलाकमान का मैं विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने पंजाबी समाज के वीरेन्द्र सचदेवा को भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी है। मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि मैं वीरेन्द्र सचदेवा को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली में भाजपा और अधिक मजबूत होगी क्योंकि वीरेन्द्र सचदेवा के प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि वीरेन्द्र सचदेवा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति है। इनके कार्यकाल में भाजपा दिल्ली में और अधिक मजबूत होगी।

## 16 अप्रैल को जयपुर में होगा अहीर जनजागृति सम्मेलन

### अहीर रेजीमेंट गठन के लिए सभी पहुंचे 16 अप्रैल को जयपुर: सुनील यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संयुक्त** अहीर-रेजिमेंट मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव भलस्वा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16 अप्रैल को अहीर जनजागृति सम्मेलन का आयोजन जयपुर के वीटी रोड़ ग्राउंड, शिप्रा पथ मानसरोवर में होगा।
सुनील यादव ने बताया कि यह सम्मेलन संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की अगुवाई में किया जायेगा।
उन्होंने आगे बताया कि अहीर रेजिमेंट हक है हमारा, हम यदुवंशियों की मांग है, जिस प्रकार से हमारे यादव समाज के जवान शहीद हुए है तो सरकार को उस पर गंभीर रूप से विचार करते हुए जल्द से जल्द अहीर रेजीमेंट गठन करना चाहिए। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव ने पूरे भारत के यादव समाज के लोगों से मांग की है कि 16 अप्रैल को होने वाले अहीर जनजागृति सम्मेलन में शामिल होकर अपने यादव होने का परिचय दे। उन्होंने यादवों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अहीर रेजिमेंट के प्रति यादव समाज के लोगों को जागरूक करें और यादव समाज को बताये कि अगर अहीर रेजिमेंट का गठन हो जाता है तो उसके फायदे कई होगें।

**प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव बोले...**

**= यादव समाज से अपील करते हुए अध्यक्ष सुनील यादव भलस्वा ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अहीर रेजिमेंट के प्रति यादव समाज के लोगों को जागरूक करें और यादव समाज को बताये कि अगर अहीर रेजिमेंट का गठन हो जाता है तो उसके फायदे कई होगें।**

## 'अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एचसी यादव ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।
उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें।

# दिल्ली पहुंचने पर संगत ने नगर कीर्तन का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** फतह दिवस को समर्पित श्री अकाल तख्त साहिब से शुरू हुआ विशाल नगर कीर्तन देर रात दिल्ली के विभिन्न इलाकों से होते हुए गुरुद्वारा मजनू का टीला पर समाप्त हुआ।
दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि अकाली बाबा फूला सिंह जी के 200वें शहीदी दिवस व बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया के 300वें जन्मदिवस को समर्पित यह नगर कीर्तन मंगलवार 6 अप्रैल की सुबह श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर प्रारंभ हुआ, जो जंडियाला गुरु, ब्यास, करतारपुर, जालंधर, लुधियाना, खन्ना, सरहिंद, राजपुरा होते हुए और उसी शाम गुरुद्वारा मंजी साहिब अंबाला में विश्राम के लिए रूका। 7 अप्रैल को अंबाला से चलकर शाहबाद, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत से होते हुए कुंडली बॉर्डर (सोनीपत) पहुंचा जहां बड़ी संख्या में संगत एकजुट हुई जिन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे नतमस्तक होकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पहले कुंडली बॉर्डर (सोनीपत) पहुंचने पर बाबा बुद्ध साहिब वेलफेयर सोसायटी कुंडली ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों सहित अन्य प्रबंधकों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने रामगढ़िया बोर्ड के अध्यक्ष जतिंदरपाल सिंह ढागी व समूची टीम का सम्मान किया तथा प्रबंधकों द्वारा बाबा रणजोध सिंह जी बूढ्ढा दल वालों को सिरोपा देकर सम्मानित किया।
सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह कहलों ने कहा कि हम उस अकाल पुरख प्रमात्मा का शुक्रिया अदा करते हैं जिनकी कृपा से आज हम अपने महान सेनापतियों व भगतों के दिवस मना रहे हैं।



अशोक विहार के फेज-3 के पार्क में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुनते हुए।

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' ने दूसरे वर्ष में किया प्रवेश

## आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, संयुक्त रूप से पदाधिकारियों ने काटा केक









**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। धीरे-धीरे आदर्श रसोई ने एक नया मुकाम स्थापित किया है। अब आदर्श रसोई का दूसरे वर्ष में प्रवेश हो चुका है। इस उपलब्धि को आदर्श रसोई की टीम ने बेहद ही खास ढंग से सेलिब्रेट किया और आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

### आदर्श रसोई में स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने अपने दूसरे वर्ष के पहले साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के पहले रविवारीय कार्यक्रम के लिए पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इसके उपरांत पदाधिकारियों ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सभी ने अपने अपने विचार भी रखे। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक होता है। आदर्श रसोई कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के पहले रविवारीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई आज अपने दूसरे वर्ष के पहले रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जो सभी के लिए गर्व की बात है। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिंदन करता हूं। यह सभी के संयुक्त प्प्रयास से ही सफल हो पाया है। सभी के विचारों को आदर्श रसोई को बेहतर बनाने के लिए स्वागत किया गया। आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है, जो पिछले एक वर्ष से निरंतर व नियमित रूप से आदर्श रसोई को विशेष, भव्य और रोचक बनाने के लिए प्रयासरत रही। मोहन गर्ग ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक





कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है। टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### आदर्श रसोई के माध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : सुरेंद्र चोपड़ा

आज आदर्श रसोई के दूसरे कार्यकाल के पहले रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन हो रहा जिसके लिए मैं सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं। यह सबके सहयोग, निःस्वार्थ रूप से समपर्ण की भावना से ही संभव हो पाया है। आदर्श रसोई की नींव हर दिल अजीज, मेरे सुख-दुख के साथी राकेश भारद्वाज जी और मैंने संयुक्त रूप से रखी थी। लक्ष्य था निःस्वार्थ रूप से जरूरतमंदों की सेवा करते हुए भरपेट भोजन कराना। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए पिछले 49 हफ्तों से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का निरंतर रूप से आयोजन हो रहा है। इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। अभी रूकना नहीं है, थकना नहीं है, इस मुहिम को हम सभी को आगे लेकर जाना है।।

### संयुक्त प्रयास से आदर्श रसोई दूसरे वर्ष में भी स्थापित करेगी नए आयाम: रवि भारद्वाज

आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज ने कहा कि आज रसोई हम सभी के संयुक्त प्रयास से दूसरे कार्यकाल में प्रवेश कर रही है, जिसके लिए मैं सभी का अभिनंदन करता हूं। हम सभी की मेहनत, विचार, संयुक्त प्रयासों का ही नतीजा है कि पिछले एक वर्ष मेंआदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से रविवारीय कार्यक्रम का सफल आयोजन कर रही है। एक वर्ष वाकई उपलब्धियों भरा रहा। पिछले एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान हमने हर परिस्थिति में आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने की कोशिश की। दूसरे कार्यकाल में भी सभी के संयुक्त प्रयास से आदर्श रसोई नए आयाम स्थापित करेगी।

आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्थाओं की आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।


पिछले एक साल से आदर्श रसोई हर रविवार निःस्वार्थ रूप से कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। अब आदर्श रसोई अपने दूसरे कार्यकाल में प्रवेश कर चुकी है। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कहता हूं कि आदर्श रसोई और भी रोचक ढंग से कार्यक्रम का आयोजन करेगी। पदाधिकारी आदर्श रसोई के लिए और भी मेहनत करेंगे। **– मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**


आदर्श रसोई ने पिछले एक साल से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **–रामलाल उनियल, चेयरमैन**


आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई नींव इस उद्देश्य से रखा गया था कि जरूरतमंदों की सेवा करनी है और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम को जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। **–सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**


आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की निःस्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। आदर्श रसोई अपने दूसरे कार्यकाल में प्रवेश कर चुकी है, जिसके लिए सभी का अभिनंदन। **– रवि भारद्वाज, संयोजक**


आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई दूसरे वर्ष के रविवारीय कार्यक्रम को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील है और अपना योगदान दे रही है। एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन। **–पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**


आदर्श रसोई का निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा में योगदान देने इसे दूसरे संस्थाओं से अलग बनाता है। पिछले एक साल से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन करती आई है और यह अनवरत रूप से जारी रहेगा। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **–गुदयाल छाबड़ा, संरक्षक**





















# एक्शन इंडिया

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

Front Page - 2





# श्रीमद् भागवत कथा : रुक्मणी विवाह प्रसंग पर खुशी से झूम उठे श्रद्धालु








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के केवल पार्क इलाके में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा। 10 दिवसीय इस कथा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। दोपहर बाद शुरू होने वाली इस कथा का आयोजन देर रात तक जारी रहता है। परम श्रद्धेय श्री हिमेश शास्त्री जी महाराज के मुखारबिंद से श्रद्धालु इस कथा का श्रवण कर रहे हैं।

महाराज जी ने शनिवार को रूक्मणि विवाह प्रसंग का ऐसा मनमोहक वर्णन किया कि कथा स्थल पर मौजूद सभी भक्तगण नाचने- गाने पर विवश हो गए। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

महाराज श्रद्धेय श्री हिमेश शास्त्री जी महाराज (मथुरा वाले) ने कथा का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सभी को भगवान श्री कृष्ण के सानिध्य में आना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण की लीला अपरंपार है। भगवान श्री कृष्ण की मर्जी के बिना संसार में कुछ नहीं हो सकता और मेरे सांवरे श्री कृष्ण हर किसी की मुराद पूरी करते हैं। महाराज श्रद्धेय श्री हिंमेश शास्त्री महाराज जी ने कथा को विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी।



- **महाराज जी ने शनिवार को रूक्मणि विवाह प्रसंग का ऐसा मनमोहक वर्णन किया कि कथा स्थल पर मौजूद सभी भक्तगण नाचने-गाने पर विवश हो गए**
- **श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया**

रुक्मणी जी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। युद्ध में श्रीकृष्ण और बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया।

**कथा दरबार में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने की शिरकत:** 10 दिवसीय इस कथा में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों, समाजसेवियों और राजनीतिज्ञों ने शिरकत की। इनमें विधायक पवन शर्मा, मंगत राम सिंघल, मुकेश गोयल, नवीन त्यागी, प्रदीप अग्रवाल, पार्षद नेहा अग्रवाल, प्रधान सुभाष दीक्षित, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, एक्शन इंडिया के समूह सम्पादक रवि भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य शामिल हुए।



**`सीतराम शर्मा (चेयरमैन) शीशे वाले):** हम सभी को श्रीमद भागवत कथा को श्रवण करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण सबकी मुरादें पूरी करते हैं। कथा का सफलतापूर्वक आयोजन हो रहा है और श्रोता महाराज जी के मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर जय श्री कृष्ण के नारे लगा रहे हैं। सभी को धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करना चाहिए।



**रामकरण कंसल (वरिष्ठ चेयरमैन):** भगवान के दर पर कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। हर कोई शीश झुकाए प्रभु के दर पर आता है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि हम सभी को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। धर्म का मार्ग ही हमें सहीं रास्ता दिखाता है। कथा का सफलतापूर्वक आयोजन हो रहा है। हम सभी को इस तरह के धार्मिक आयोजनों का हिस्सा बनना चाहिए।



**प्रकाश चंद अग्रवाल, (संयोजक, प्रसिद्ध समाजसेवी):** श्रद्धालु भगवान की लीलाओं को महाराज जी के मुख से सुन कर अपने आप को धन्य समझ रहे हैं और खुद को प्रभु श्रीकृष्ण के करीब पा रहे हैं। हम सभी को धर्म का मार्ग नहीं त्यागना चाहिए, क्योंकि धर्म के मार्ग पर चलने वाले के साथ प्रभु का साथ रहता है।




# "राकेश भारद्वाज चौक" पर हर रविवार आयोजित होने वाली 'आदर्श रसोई' का एक साल-बेमिसाल कार्यक्रम होगा आयोजित







**नई दिल्ली / टीम एक्शन इंडिया**

उत्तरी दिल्ली के सबसे व्यस्ततम चौकों में से एक ''राकेश भारद्वाज चौक'' पर हर रविवार आयोजित होने वाली आदर्श रसोई ने अपना एक वर्ष पूरा कर लिया है। इसी कड़ी में आदर्श रसोई की सालाना कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत बालाजी महाराज के जयघोष के साथ हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिये गए, जिसमें आदर्श रसोई और राकेश भारद्वाज चौक का वार्षिकोत्सव मनाये जाने पर भी सर्वसम्मति से निर्णय हुआ।

## ''राकेश भारद्वाज चौक'' और ''आदर्श रसोई'' का एक साल-बेमिसाल कार्यक्रम होगा आयोजित

आदर्श रसोई की सालाना बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गए। इनमें सबसे प्रमुख निर्णय यह रहा कि राकेश भारद्वाज चौक और आदर्श रसोई का एक साल- बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए फंड अरेंजमेंट से लेकर विभिन्न तैयारियों पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

## ''राकेश भारद्वाज चौक'' और ''आदर्श रसोई'' का एक वर्ष पूरा होने पर होगा स्मारिका का प्रकाशन

आदर्श रसोई की बैठक में विभिन्न निणयों में से एक निर्णय ये भी हुआ कि राकेश भारद्वाज चौक और आदर्श रसोई का सफलतम एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में स्मारिका का भी प्रकाशन किया जाएगा। इस स्मारिका में राकेश भारद्वाज चौक और आदर्श रसोई के एक वर्षीय कार्यकाल की झलकियां प्रकाशित की जाऐंगी। इसके अलावा समाज के प्रबुद्ध लोगों के साक्षात्कार, विज्ञापन और अन्य रोचक और महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रकाशित की जाएंगी।

## कार्यक्रम स्थल को लेकर जल्द होगा फैसला

आदर्श रसोई के वार्षिक कार्यक्रम को लेकर सदस्यों में खासा उत्साह देखा गया। सभी ने एक स्वर में रसोई के इस कदम की सराहना की। साथ ही फंड अरेंजमेंट में भी पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं, कार्यक्रम स्थल को लेकर सभी सदस्यों ने अलग-अलग विचार प्रस्तुत किये। विभिन्न सुझावों में से बैंक्केट हॉल पर अंतिम सहमति बनती दिखी लेकिन अब भी इस पर मुहर लगनी बाकी है।

## अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में होगा एक साल-बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन

बैठक में तय हुआ कि इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को अप्रैल, 2023 के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा सहित अन्य पहलुओं को लेकर भी एक और बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रम और स्मारिका का ब्ल्यू प्रिंट सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## बैठक में तीन लाख से अधिक के विज्ञापन और सहयोग राशि एकत्र हुई

आदर्श रसोई के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक में सहयोग स्वरुप 3 लाख से अधिक की विज्ञापन और दान राशि प्राप्त हुई। इसी से पता चलता है कि आदर्श रसोई के सालाना कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यों में कितना उत्साह है। बैठक में 40 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया।



